चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 75 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 10 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कोरोना से लड़ेंगे: कोरोना वैक्सीन की कीमतें घटीं

**अब कोवीशील्ड और कोवैक्सिन 225 रुपए में मिलेंगी, सभी को प्रिकॉशन डोज देने की घोषणा के बाद घटाए दाम, इससे पहले निजी अस्पतालों में कोवीशील्ड की एक डोज 600 रुपए और कोवैक्सिन की 1200 रुपए में मिल रही थी**






**नई दिल्ली:** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनियों ने शनिवार को इनकी कीमत घटाने की घोषणा की। अब निजी अस्पतालों में इन दोनों ही वैक्सीन की एक डोज 225 रुपए में लगेगी। इससे पहले निजी अस्पतालों में कोवीशील्ड की एक डोज 600 रुपए और कोवैक्सिन की 1200 रुपए में मिल रही थी।

**केंद्र सरकार के फैसले के बाद की गई घोषणा:** कीमतों में कमी की घोषणा सभी व्यस्क नागरिकों को प्रिकॉशन डोज लगाए जाने का फैसला होने के बाद की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि 10 अप्रैल यानी रविवार से 18+ उम्र वाले सभी नागरिकों को निजी अस्पतालों में कोरोना वैक्सीन की तीसरी डोज लगाई जाएगी। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद शुक्रवार को कोवीशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अदार पूनावाला ने सरकार के इस कदम की तारीफ की और एक ट्वीट में वैक्सीन की कीमत कम करने की घोषणा कर दी। पूनावाला ने कहा कि उनकी कंपनी निजी अस्पतालों में एक डोज के लिए 600 रुपए के बजाय 225 रुपए लेगी। उधर, कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक की जॉइंट एमडी सुचित्रा एल्ला ने भी वैक्सीन की कीमत 1200 रुपए से घटाकर 225 रुपए करने की घोषणा एक ट्वीट में की है।

**अब प्रिकॉशन डोज लगवाने में कितना खर्च होगा?:** 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए प्रिकॉशन डोज का खर्च सरकार नहीं उठाएगी। इसके लिए आपको प्राइवेट सेंटर्स पर वैक्सीन की कीमत के हिसाब से पैसे देने होंगे। सरकार ने प्राइवेट सेंटर्स पर कोवीशील्ड की कीमत 780 रुपए, कोवैक्सिन की 1,410 रुपए और स्पुतनिक श की कीमत 1,145 रुपए तय की हुई है, लेकिन घोषणा के बाद कोवीशील्ड और कोवैक्सिन 225-225 रुपए में ही उपलब्ध हो जाएंगी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसके ऊपर प्राइवेट सेंटर वैक्सीन लगाने का कोई चार्ज वसूल पाएंगे या नहीं।

**किन लोगों को लगेगा कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज?:** 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लग सकेगा। हालांकि प्रिकॉशन डोज सिर्फ उन लोगों को ही लगेगा, जिन्हें दूसरा डोज लगे 9 महीने से ज्यादा हो चुके हैं। जब आपके दूसरे डोज को लगे 9 महीने पूरे हो जाएंगे, तब ही आप प्रिकॉशन डोज लगवा सकेंगे।

## कोवीशील्ड के दो डोज लगे थे, तो प्रिकॉशन डोज भी कोवीशील्ड का ही लगेगा




**प्रिकॉशन** डोज में कोविड की वही वैक्सीन लगेगी, जो पहले लगी है। अगर आपको कोवीशील्ड के दो डोज लगे थे, तो प्रिकॉशन डोज भी कोवीशील्ड का ही लगेगा। अगर पहले दोनों डोज कोवैक्सिन के लगाए गए थे, तो प्रिकॉशन डोज भी कोवैक्सिन का ही लगाया जाएगा।

**कहां लगवा सकते हैं प्रिकॉशन डोज?:** सरकारी आदेश के मुताबिक, 18 साल से ऊपर के सभी लोग प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटर्स पर प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं।

18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए प्रिकॉशन डोज सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध नहीं होगी। सरकारी केंद्रों पर सिर्फ 60 साल से ज्यादा के बुजुर्गों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को ही फ्री में प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। हालांकि सरकार की ओर से चल रही पहली और दूसरी फ्री डोज की सुविधा सभी के लिए जारी रहेगी।

## देश में फिर डरा रहा कोरोना

**नई दिल्ली:** चीन और अमेरिका में बढ़ते कोविड के मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने पांच राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने दिल्ली, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र और मिजोरम की सरकारों को चिट्ठी लिखी है। इसमें स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों से सतर्कता बढ़ाने और संक्रमण की दर बढ़ने के कारणों की गंभीरता से जांच करने को कहा है। इस बीच, गुजरात में एक व्यक्ति के ए वैरिएंट से संक्रमित होने की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य में एक्सई वैरिएंट के एक मामले का भी पता चला है। इस हफ्ते की शुरूआत में मुंबई की एक महिला के ए वैरिएंट से संक्रमित होने की सूचना मिली थी। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसका खंडन कर दिया था।

**क्यों चिंता में है केंद्र:** स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि इन राज्यों में डेली पॉजीटिविटी रेट बढ़ रहा है, यानी हर दिन मिलने वाले नए कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसको देखते हुए राज्य सरकारें हालात की गंभीरता से समीक्षा करें और जरूरी होने पर कोविड-19 को लेकर नई गाइडलाइन भी जारी करें। एक ओर देश में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है, लेकिन दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, केरल और मिजोरम में पिछले सात दिन में पॉजिटिविटी रेट अचानक बढ़ गई है।

## दलितों से मारपीट पर राहुल गांधी की नसीहत

**मैं होता तो खुदकुशी करने से पहले हमलावरों को चाकू मार देता**



**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दलितों पर लिखी किताब 'द दलित ट्रूथः द बैटल्स फॉर रियलाइजिंग अंबेडकर्स विजन' का विमोचन किया। दिल्ली स्थित जवाहर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राहुल ने साल 2016 में गुजरात के ऊना में दलित नौजवानों के साथ हुई मारपीट का भी जिक्र किया। राहुल ने दलित नौजवानों को नसीहत देते हुए कहा कि वह अगर उनकी जगह होते तो हमलावारों को चाकू मारने के बाद आत्महत्या करते।

**ऊना में दलित नौजवानों के साथ हुई हिंसा पर भी बोले राहुलः** राहुल ने गुजरात के ऊना में दलित नौजवानों के साथ हुई हिंसा के बारे में बताया- 'जब मैं पीड़ितों से मिला तो मैंने उनके पिता का हाथ थामा। उनका हाथ कांप रहा था। मैंने उनसे कहा कि मैं आपके साथ हूं। उस समय उन्होंने बताया कि राहुल जी पहली बार दलितों ने रिस्पॉन्स दिया। मैंने सोचा यह कैसा रिस्पॉन्स की 17 लड़कों ने आत्महत्या करने की कोशिश की।' राहुल ने आगे कहा- 'इसके बाद मैंने आईसीयू पहुंच कर पीड़ितों से बात की। उन्होंने बताया कि राहुल जी हमें पता चला की हमारे भाई से मारपीट हुई है, लेकिन हम कुछ कर नहीं सकते थे तो हमने गुस्से में जहर पी लिया। मैंने उनसे साफ कहा कि मेरी बहन को किसी ने बांध कर कुत्ते जैसे मारा होता तो आत्महत्या करने से पहले एक बार तो हमलावार को चाकू जरूर मारता।'

## इमरान सरकार बचाने की एक और कोशिश, सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार बचाने की एक और कोशिश की जा रही है। एक ओर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर शनिवार को इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया चल रही है, इसी बीच सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की गयी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली द्वारा खारिज किये जाने के फैसले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। साथ ही शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के निर्देश दिए थे। इस पर शनिवार सुबह चर्चा शुरू हुई और देर शाम तक मतदान का इंतजार हो रहा था। इसके पहले ही इमरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर शीर्ष अदालत में समीक्षा याचिका दायर कर दी। इससे पहले नेशनल असेंबली में शोर-शराबे और हंगामे के बीच अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## सिसोदिया ने बीजेपी पर बोला हमला

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आज पार्टी मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश की राजनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे। इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की बौखलाहट और अरविंद केजरीवाल से उसके डर का आलम यह है कि अरविंद केजरीवाल के बारे में कुछ भी बोलने के लिए रात को 12:00 बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके केंद्रीय मंत्री व हिमाचल के भावी मुख्यमंत्री उम्मीदवार (जिनको भाजपा हिमाचल में मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाने जा रही है) अनुराग ठाकुर प्रेस कांफ्रेंस करते हैं और आम आदमी पार्टी के एक ऐसे व्यक्ति को अपनी पार्टी में शामिल कराते हैं जिसके खिलाफ आम आदमी पार्टी को शिकायतें मिली हुई हैं।

## प्रधानमंत्री संग्रहालय : 14 अप्रैल को मोदी करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बनाए गए प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को करेंगे। इसमें देश के अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों के कार्यों का प्रदर्शन होगा। पहले यह नेहरू संग्रहालय भवन कहा जाता था। प्रधानमंत्री संग्रहालय में इसे भी समाहित कर लिया गया है। पिछले माह पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नेहरू संग्रहालय को पीएम म्यूजियम में तब्दील करने का फैसला किया गया था। इस संग्रहालय में देश के सभी 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों की यादों को सहेजा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंबेडकर जयंती यानी 14 अप्रैल को इसका उद्घाटन करेंगे। कैबिनेट बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को स्वीकार करने के लिए यह फैसला किया है।

## सोमवार से आइकॉनिक वीक का आयोजन करेगा पंचायती राज मंत्रालय

**नई दिल्लीः** पंचायती राज मंत्रालय आजादी का अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के उद्देश्य से 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक जन-भागीदारी की भावना से जन-उत्सव के रूप में आइकॉनिक वीक का आयोजन करेगा। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और राष्ट्रीय हितधारक सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

सभी हितधारकों के विचारों, अवधारणाओं, चिंतन, तैयारियों, तकनीकी प्रयासों, सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अत्याधुनिक अंतर्दृष्टि को एक साथ प्रस्तुत करने के लिए "पंचायतों के नवनिर्माण का संकल्पोत्सव" विषय पर आइकॉनिक वीक के लिए विषयगत सम्मेलनों की एक श्रृंखला तैयार की है।

## शरद पवार के घर पर हमला, मामले की हो उच्चस्तरीय जांचः फडणवीस



**मुंबईः** राकांपा प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुए हमले को भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने बड़ी चूक बताया है। उन्होंने कहा कि, यह पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियों की एक बड़ी विफलता थी, इसकी जांच की जानी चाहिए। दरअसल, अपनी मांगों को लेकर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के 100 से अधिक कर्मचारियों ने शरद पवार के बंगले पर अचानक हमला बोल दिया था। जिस समय यह घटना हुई, शरद पवार घर पर ही मौजूद थे। इस दौरान पवार की बेटी व लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के बाद पवार ने कहा कि आक्रोशित एमएसआरटीसी कार्यकर्ताओं को एक नासमझ नेतृत्व द्वारा गुमराह किया गया था।

**ममता बनर्जी ने भी की हमले की निंदाः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी शरद पवार के आवास पर हुए हमले की निंदा की। ममता बनर्जी ने ट्वीट किया कि, भारत की सबसे वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों में से एक, शरद पवार के आवास पर हुए हमले की निंदा करती हूं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बयान का स्वागत करती हूं। दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पुलिस को हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## यूक्रेनः प्रियंका चोपड़ा ने वर्ल्ड लीडर्स से मांगी मदद

**प्रियंका** चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो साझा कर वर्ल्ड लीडर्स से यूक्रेन समेत ईस्टर्न यूरोप में शरणार्थियों और बच्चों की सहायता करने का आग्रह किया है।

अभिनेत्री का कहना है कि रूस-यूक्रेन क्राइसिस की वजह से बच्चों को बड़े पैमाने पर अपना घर छोड़कर दूसरी जगह की तलाश करते देखा गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब इतनी बड़ी तादात में बच्चों का विस्थापन हुआ है।

## न्याय तक सबकी पहुंच जरूरीः राष्ट्रपति कोविंद




**केवडियाः** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले में मध्यस्थता और सूचना प्रौद्योगिकी पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुछ अड़चनों के कारण न्यायपालिका में मध्यस्थता की अवधारणा को अभी व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया गया है, लेकिन सभी हितधारकों तक तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए इस विषय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। राष्ट्रपति ने गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास आयोजित मध्यस्थता और सूचना प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना, कानून मंत्री किरन रिजिजू और गुजरात के सीएम भी शामिल थे। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि न्याय तक सबकी पहुंच में सुधार करना, न्याय वितरण प्रणाली को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) में परिवर्तित करने का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए।

## बच्चों को उनकी पसंद की कला सीखने के लिए करें प्रोत्साहित : उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू



**नई दिल्लीः** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने शनिवार को स्कूलों और अभिभावकों से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत बच्चों को उनकी पसंद की किसी भी कला को सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। अपनी जड़ों की ओर वापस जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने भारतीय समाज में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि पश्चिमी संस्कृति के प्रति दीवानगी के कारण कठपुतली जैसी हमारी समृद्ध पारंपरिक लोक कलाएं लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें न केवल सरकारों बल्कि बड़े पैमाने पर समाज की सक्रिय भागीदारी के साथ पुनर्जीवित किया जाना है। यह देखते हुए कि कम उम्र में रचनात्मकता और कला के संपर्क में आने से बच्चों को अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक बनने और उन्हें अधिक सार्थक जीवन जीने में मदद मिलेगी नायडू कहा कि शैक्षणिक संस्थान अपने पाठ्यक्रम में कला विषयों को समान महत्व दें। उपराष्ट्रपति संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी फैलोशिप के साथ-साथ 2018 के अकादमी पुरस्कार और कला पुरस्कारों की 62वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने विज्ञान भवन में आयोजित संयुक्त समारोह में 44 प्रतिष्ठित कलाकारों (4 फेलो और 40 पुरस्कार विजेताओं) को संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप एवं संगीत नाटक पुरस्कार तथा ललित कला अकादमी की 3 फेलोशिप तथा 20 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह का जिक्र करते हुए नायडू ने कहा कि कई गुमनाम नायकों ने हमारी आजादी के लिए बलिदान दिया लेकिन उनकी कहानियां जनता के लिए काफी हद तक अनजान हैं क्योंकि उन्हें हमारी इतिहास की किताबों में पर्याप्त स्थान नहीं मिला। इन कम ज्ञात नायकों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किए गए योगदान पर प्रकाश डालने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की लोककथाओं की समृद्ध परंपरा एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समय बीतने के साथ लोक परंपराओं के विभिन्न रूपों में गिरावट आई है और हमारी महान लोक परंपराओं को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की जिम्मेदारी हम पर है।

## करौलीः डर के माहौल में 195 हिंदू परिवारों ने किया पलायन', धरने पर बैठे

**शनिवार को भाजपा के राज्य सभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मी जिला कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए, सीएम को लिखा पत्र**



**करौलीः** करौली हिंसा पर राजनीतिक गर्माहट लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर एक-दूसरे पर तुष्टीकरण का आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच शनिवार को भाजपा के राज्य सभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा जिला कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि नव वर्ष पर निकाली गई रैली पर असामाजिक तत्त्वों द्वारा पथराव से शहर में भय का वातावरण है। नेताओं और सरकार के दबाव में जिला पुलिस अपराधियों को बचा रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और निर्दोष लोगों को प्रताड़ित न किया जाए। किरोडी लाल मीण ने दावा कि शहर में बने डर के माहौल के कारण 195 हिंदू परिवार पलायन कर चुके हैं, जिसकी सूची प्रशासन को सौंपी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने कई शहरों में धारा 144 लगा दी है। आखिर कांग्रेस को रामनवमी और हनुमान जयंती से इतनी घृणा क्यों है? श्रद्धालु यह पर्व कैसे मना सकेंगे?

**सीएम गहलोत को भी लिखा पत्रः** बताया जा रहा है सांसद किरोडी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि करौली हिंसा पर प्रशासन की लापरवाही के कारण हिंदू नव वर्ष पर निकाले गए जुलूस पर भारी पथराव किया गया। उपद्रवियों को अभी तक गिरफतार नहीं किया गया है, जबकि सैकड़ों हिंदुओं पूछताछ के नाम पर थाने में बैठाकर रखा गया है। उन्होंने पत्र के साथ ही पलायन करने वाले 195 हिंदू परिवारों की सूची भी सीएम गहलोत को भेजी है। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा कि हिंदू लोगों की दुकानों को भी दंगों में लूट लिया गया है, उन पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जब तक उपद्रवियों की गिरफ्तारियां नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा।

**हिंदू थाने में बैठे, उपद्रवी आराम से घूम रहे :** सांसद मीणा ने कहा कि पुलिस सरकार और नेताओं के दबाव में काम कर रही है।

हिंदुओं को पूछताछ के नाम पर उठाकर थाने में बैठा लिया गया है और उपद्रवी खुले आम घूम रहे हैं। सरकार को पूरे मामले की जांच तरीके से करनी चाहिए।

## कनाडा के बाजारों में बिकेंगे भारत के बेबी कॉर्न और केले

**नई दिल्लीः** भारत के बेबी कॉर्न और केले अब कनाडा के बाजारों में बिक सकेंगे। इसके लिए भारत और कनाड के बीच समझौता हुआ है। इस संबंध में शनिवार को कृषि मंत्रालय के सचिव (कृषि एवं किसान कल्याण) मनोज आहूजा ने एक बयान जारी कर कहा कि भारतीय केले और बेबी कॉर्न के लिए बाजार पहुंच के मुद्दे पर भारत और कनाडा के राष्ट्रीय पौध संरक्षण संगठनों के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते के बाद अब भारत के बेबी कॉर्न और केले कनाड के बाजारों में बिक सकेंगे। यह समझौता भारत के कृषि मंत्रालय के सचिव मनोज आहूजा और कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके के बीच सात अप्रैल को हुई थी।

### खबर संक्षेप

**परचून की दुकान में घुस कर मार पीट और पांच हजार लूट ,मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** दुकान के सामने जल भराव होने के करण दबंगो पर पानी का छिंटा पड जाने से परचून की दुकान में घुस कर मारे पीटे और गल्ले में रखा पांच हजार रुपए लूट लिए। पुलिस ने एक नामजद तथा अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकसुलतान उर्फ नेवादा निवासी अवधेश कुमार पटेल पुत्र राम सुन्दर का कहना है कि उसने एक छोटी सी परचून और मिष्ठान की दुकान किए हुए है।जिसको उसके भाई कमलेश कुमार और मिथलेश कुमार चलाते हैं। आरोप है कि रास्ते में जल भराव होने के कारण दबंगों को छींटे पड गयी। जिससे नाराज होकर दबंग उसकी दुकान में चढ आए और मारे पीटे एंव जान से मारने की धमकी देते हुए।गल्ले में रखा पांच हजार रुपए निकाल कर भाग गए। अवधेश कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में विकास सरोज और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## डीएम एवं एसएसपीने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया भ्रमण



मतदान केंद्रों का भ्रमण करते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने इलाहाबाद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र जिला पंचायत कार्यालय, नगर निगम, क्षेत्र पंचायत कार्यालय चाका, जसरा, कौंधियारा, उरुवा, मेजा का निरीक्षण किया एवं मतदान की स्थिति का जायजा लेते रहे। उन्होंने मतदान केंद्रों पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों से निर्वाचन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता की भी जांच की।

**ब्राह्मण का जन्म ब्रह्मज्ञान के लिए होता है: विष्णु धर महराज**

**लेडियारी।** भगवान ने ब्राह्मण का जन्म ब्रह्मांड के ज्ञान और वेद पढ़ने-पढ़ाने के लिए किया है। किसी भी ब्राह्मण का अपमान कहीं भी किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। उक्त बातें अरुआरी मे हौसला प्रसाद शुक्ल के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक विष्णु धर महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि धरती पर संत और ब्राह्मण का जन्म धर्म का प्रचार के लिए होता है। कथा वाचक द्वारा कर्दम ऋषि के विवाह और समाधि की कथा बताते हुए उनके नौ कन्याओं के जन्म की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं अग्नि में स्वाहा होना पड़ा। अजामिल और प्रहलाद के चरित्र को विस्तार से बताते हुए कथा व्यास ने कहा की भगवान नरसिंह रूप में लोहे के खंभों में प्रकट हुए और हिरण्या कश्यप का वध कर प्रहलाद की प्राणों की रक्षा की। कथावाचक ने महाभारत रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंग सुनाये। साथ में उन्होंने कहा कि परम सत्ता में विश्वास रखते हुए हमेशा सत्कर्म करते रहना चाहिए। कथा के मुख्य यजमान हौसला प्रसाद शुक्ल उदित नारायण शुक्ल रत्नेश प्रसाद शुक्ल दिनेश कुमार शुक्ल, नील कांत शुक्ला, पवन कुमार शुक्ल अवनीश कुमार शुक्ल ने कथा में आये हुए सभी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरण किया।

## प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सुरक्षा इंचार्ज सहित अन्य पर हत्या का केस

### पावर प्लांट के अंदर की गई थी गोली मारकर हत्या, एक दिन बाद गेट पर पाया गया था शव

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** पांच अप्रैल को टिफिन लेकर प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के अंदर काम करने गए कौशल किशोर (53) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस दिन देर शाम तक अधेड़ के घर नहीं लौटने से परेशान परिजनों ने खोजबीन शुरू की। साथ काम करने वालों से भी पूछा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। आरोपित है कि कंपनी की तरफ से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। अगले दिन दोपहर बाद पता चला कि प्लांट के अंदर गोली चली है, जिसमें कौशल किशोर की मौत हो गई है। जब लोगों की भीड़ जमा हुई तो शव को बेमरा की तरफ खुलने वाले प्लांट के गेट के पास रखवा दिया गया। इस प्रकरण की जानकारी पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, सीओ बारा विमल मिश्र, एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे, लेकिन मामले का हला-भला नहीं हो सका और न ही यह पता चल सका कि कौशल किशोर को किस वजह से, किसने गोली मारी। इस मामले में मृतक कौशल किशोर के भाई शिवकिशोर त्रिपाठी पुत्र स्व. रामकरन त्रिपाठी (मूल निवासी सकरौहा, मानिकपुर, चित्रकूट, हाल-पता नीबी लोहगरा) ने शंकरगढ़ पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बड़े भाई




f

उक्त प्लांट में ठेकेदारी करते थे, लेकिन पिछले तीन-चार साल से ठेकेदारी का कार्य बंद होने से रोजी-रोटी के लिए वह स्वयं प्लांट में काम करने लगे थे। बीते पांच अप्रैल को वह घर से टिफिन लेकर कार्य करने ही गए थे,लेकिन फिर लौटकर घर नहीं आए। शिव किशोर की तहरीर पर पुलिस ने प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सिक्योरिटी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह समेत अन्य के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है। इसके अलावा भुक्तभोगी परिवार ने भरण-पोषण के लिए पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## यमुनापार सहित शंकरगढ में जुटे रहे भाजपाई एवं जनप्रतिनिधि

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित : विभवनाथ



विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ब्लाक गेट पर पार्टी कार्यकताओं के साथ

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ।** उत्तर प्रदेश विधानपरिषद प्रयागराज स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के मतदान में यमुनापार में भाजपा की एक तरफ एतिहासिक जीत सुनिश्चित है। जनप्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान,नगर सभासद, जिलापंचायत सदस्य के साथ विधायक, सांसदों के समर्थन से डा.केपी श्रीवास्तव की एतिहासिक विजय होगी। उक्त बातें यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने चाका, करछना, मेजा, मांडा,उरूवा, कोरांव, कौंधियारा आदि बूथों के भ्रमण के दौरान कही।

विकासखंड शंकरगढ़ मे 174 मतो मे 170 मत पड़े जिसमे 95% मत भाजपा प्रत्याशी को प्राप्त होने का दावा किया गया है। भाजपा प्रत्याशी डॉ.के पी श्रीवास्तव, विधायक बारा वाचस्पति, पूर्व विधायक दीपक पटेल आदि ने बूथ का भ्रमण कर उचित दिशा निर्देश कार्यकताओं को देते रहे। शंकरगढ़ चुनाव प्रभारी ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, चेयरमैन लल्लू कन्नौजिया, शंकरगढ़ संयोजक व जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,मधू वाचस्पति,डा.विनोद त्रिपाठी, बृजेश सिंह,मनोज त्रिपाठी,गुलाब पटेल, गोपाल दास गुप्ता, टमाटर गुरू,दुदुन त्रिपाठी,शेर सिंह,बबलू सिंह, प्रदीपकुमार मिश्र, पृथ्वीराज साहू आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शंकरगढ़ में चिलचिलाती धूप के बीच 97.7 फीसद मतदान

### चार मतदाताओं ने नहीं डाले वोट

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विधान परिषद सदस्य पद के लिए शनिवार को हुए चुनाव में विकास खंड शंकरगढ़ में कुल 97.7 फीसद मतदाताओं ने वोटिंग की। मतदान न करने वाले मतदाताओं की संख्या सिर्फ चार है। जो इस समय क्षेत्र से बाहर बताए जा रहे हैं। एमएलसी पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू हो गई। विकास कंड शंकरगढ़ के बूथ संख्या 18 में दिनभर शांतिपूर्ण मतदान चला और दोपहर ढाई बजे तक ही 97.7 फीसद मतदाताओं ने अपने-अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर लिया।

विकास खंड शंकरगढ़ में मतदान के दौरान सुबह के समय अर्थात प्रथम पहर काफी तेजी देखी गई और प्रथम पहर में 174 मतदाताओं के सापेक्ष 140 ने मतदान कर लिया था। जबकि बाकी के आधे समय में मतदान के लिए कुल 34 मतदाता शेष रह गए थे। दोपहर बाद ढाई बजे तक यहां कुल 170 लोगों ने अपने अधिकार का इस्तेमाल कर लिया। इसमें 100 पुरूष और 70 महिला मतदाता शामिल हैं। विकास खंड शंकरगढ़ में नगर पंचायत के चेयरमैन लल्लू कनौजिया, 12 सभासद, 85 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 76 ग्राम प्रधान समेत कुल 174 वोटर हैं। बताया जाता है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के तीन सभासद सतीश त्रिपाठी, रानी पांडेय और प्रकाशचंद्र गुप्ता मौजूदा समय में शहर से बाहर हैं। इसलिए तीनों मतदान नहीं कर पाए। इसी तरह चौकठा की महिला ग्राम प्रधान कमलेश सिंह पत्नी सुरेश सिंह भी कतिपय कारणों से मतदान के लिए पोलिंग सेंटर तक नहीं पहुंच पाईं। पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि बूथ संख्या 18 पर कुल 174 मतदाताओं के सापेक्ष 170 मतदाताओं ने वोटिंग की है। पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार के साथ अखिलेश सिंह, मनीष कुमार राय, ओमप्रकाश कुशवाहा शामिल थे। चार बजे मतदान समाप्त होने के पश्चात पोलिंग पार्टी बैलेट बाक्स के साथ जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गई। सुरक्षा के लिए एसओ मनोज कुमार, सिंह, एसआई ऋतुराज सिंह पूरी टीम के साथ दिनभर चिलचिलाती धूप में मतदान केंद्र पर डटे रहे। इसके अलावा एडीएम (आरए), एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी, सीओ बारा विमलकिशोर मिश्र ने क्षेत्र के अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इलाहाबाद सीट से कुल पांच प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें भारतीय जनता पार्टी से केपी श्रीवास्तव, सपा से बासुदेव यादव और निर्दल के रूप में कमल कुमार मिश्र, अभिषेक मिश्र, धर्मराज शामिल हैं। पोलिंग एजेंट के रूप में अखिलेश सिंह, अजीत सिंह, पंचेश्वर त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।



मतदान के बाद एजेंट बाहर निकलते हुए



शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद

## करछना में विधान परिषद चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**करछना।** विकास खंड में शनिवार को आयोजित विधान परिषद् चुनाव के मद्देनजर ब्लॉक परिसर में बूथ बनाया गया था जिसमें प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया इस दौरान कुल करछना ब्लाक के अंतर्गत कुल 199 मत थे जिसमें 197 मत पडे दो मत नहीं पहुंचने के कारण नहीं वोट डाल सके कुल मिलाकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव के दौरान चुनाव का जायजा लेने विधायक पियूष रंजन निषाद , एसडीएम करछना एवं आला अधिकारी बीच-बीच में बूथ स्थल का जायजा लेते रहे चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपने अपने पार्टी दलों के प्रत्याशी के समर्थक कड़ी धूप में कैंप लगाकर वोट दिलवाने में जुटे रहे ,मुख्य रूप से लड़ाई सपा और भाजपा के बीच देखी गई दोनों पार्टी के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए जी-जान से कोशिश में लगे रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड विकास अधिकारी समेत ब्लॉक कर्मी एवं पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।



## जसरा में सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान, निरीक्षण के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के डीएम ने दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** इलाहाबाद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र सोलह के द्विवार्षिक निर्वाचन 2022 विकास खंड जसरा के चुनाव को लेकर सुबह से ही भारी सुरक्षा बलों के बीच मतदान शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं एसएसपी प्रयागराज ने ब्लॉक परिसर में हो रहे मतदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ट्रेनी आईपीएस को शान्ति पूर्ण मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। विकास खंड परिसर में इलाहाबाद स्थानीय प्राधिकारी 16 क्षेत्र जसरा में सुबह से ही शान्ति पूर्ण मतदान शुरू हुआ। सुबह 11 बजे जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री एसएसपी अजय कुमार पांडेय के साथ जसरा ब्लॉक में चल रहे मतदान का निरीक्षण किया। साथ ही आईएएस उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी व ट्रेनी आईपीएस/थानाध्यक्ष घूरपुर चिराग जैन को शान्ति पूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दिशा निर्देश दिए। जसरा ब्लॉक में दोपहर एक बजे तक पचास प्रतिशत तक ही मतदान किया गया था। शाम चार बजे तक कुल 153 मतों में 148 लोगों ने मतदान किया। पीठासीन अधिकारी/असिस्टेंट कमिश्नर सेलटैक्स गिरीश चंद्र सिंह ने बताया कि 90 पुरुष व 58 महिलाओं ने शान्ति पूर्ण ढंग से मतदान किए।

1--विधायक बारा ने डाले वोट इलाहाबाद स्थानीय प्राधिकारी 16 क्षेत्र जसरा में दोपहर बाद बारा विधायक डा०वाचस्पति व ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने अपने अपने वोट डाले।

2--पांच वोटरों ने नहीं किया मतदान बतातें चलें कि जसरा ब्लॉक में 63 ग्राम प्रधान व 89 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मतदान करना था लेकिन ग्राम पंचायत चिल्ला गौहानी के प्रधान शिवमोहन सिंह पटेल के जेल में बंद होने के कारण मतदान नहीं कर सके। वहीं इरादतगंज के प्रधान देवेन्द्र सिंह पटेल अस्पताल में भर्ती होने के कारण वोट नहीं दे सके। इसी तरह तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों में रेही से दशरथ लाल,जारी के मनीशंकर और मझियारी कला की अर्चना सिंह ने वोट नहीं दिया।

3-- प्रत्याशी ने मतदान स्थल का लिया जायजा जसरा ब्लाक में चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एमएलसी प्रत्याशी डा केपी श्रीवास्तव ने ब्लॉक संयोजक चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी से शान्ति पूर्ण मतदान होने के लिए कहा है।

**कौंधियारा प्रतिनिधि** के अनुसार कौंधियारा ब्लाक मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी विधान परिषद का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मौके पर कौंधियारा थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह अपने दल बल के साथ लगे रहे और मौके पर उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण मतदान सकुशल संपन्न कराया गया।



जसरा चुनाव के दौरान निरीक्षण करते जिलाधिकारी प्रयागराज



## भाजपा एमएलसी प्रत्याशी ब्लॉक मुख्यालय पर समर्थकों से की मंत्रणा

**करछना।** विधान परिषद चुनाव के दौरान शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय करछना गेट पर भाजपा एमएलसी प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ वोटिंग के दौरान गेट के बाहर मिलकर मंत्रणा करते हुए समर्थकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे मिथिलेश दुबे जी ज्ञान सिंह दीप नारायण सिंह,सुबोध सिंह, रिंकू सिंह, दूध नाथ यादव, अमर नाथ द्विवेदी, धर्म राज पटेल एवं बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

## बीपीसीएल कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' को सौंपा ज्ञापन, लगाई गुहार

### सांसद रीता बहुगुणा जोशी भी रही मौजूद



**नैनी।** इलाहाबाद सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने शनिवार को नगर निगम में एमएलसी चुनाव में मतदान करने के पश्चात नगर निगम परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार के भारी उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से बीपीसीएल कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर निगम प्रयागराज में मुलाकात कर एक भारी-भरकम प्रत्यावेदन भारी उद्योग मंत्री को अपने और कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल की ओर से सौंपा। सांसद प्रोफेसर जोशी ने भारी उद्योग मंत्री नंदी को बताया की किस प्रकार से नवरत्न कंपनी जिसको कई बार जागृत किया गया और पिछले 5 वर्षों से यह कंपनी अपने बूते पर चल रही थी। जिसको केंद्र सरकार ने बंद करने का निर्णय लिया, क्योंकि इस कंपनी पर बैंकों का अत्याधिक बकायेदारी हो गई थी और अब जब केंद्र सरकार ने इस कंपनी को बंद करने का निर्णय भारत सरकार के कैबिनेट ने ले लिया और जो बकाया था उसको अपने ऊपर ले लिया तो यह कंपनी निजी क्षेत्र में बेची जा सकती है व नीलाम की जा सकती है। नीलामी करने का भी निर्णय केंद्र कैबिनेट से हुआ परंतु मशीनें टेक्नोलॉजी चल अचल संपत्ति केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार जिसकी जो संपत्ति हो उसमें भी बंटवारा करने का फैसला हुआ है। सांसद प्रोफेसर जोशी ने कहा मैं पिछले 2 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रही हूं की चल अचल संपत्ति और टेक्नोलॉजी को एक साथ जोड़ कर एक साथ बेच दिया जाए। इस संदर्भ में सांसद प्रोफेसर जोशी ने दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर चुकी है। प्रोफेसर जोशी 6-7 बार पूर्व केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री तथा सचिव से और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व भारी उद्योग मंत्री सतीश महाना से भी इसी संदर्भ में मुलाकात किया था और आज उत्तर प्रदेश के भारी उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से भी मुलाकात किया। इसी प्रकरण पर सांसद प्रोफेसर जोशी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी दो बार भेंट हो चुकी है। जिस पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि वह एक बैठक बुलाकर बीपीसीएल के लोगों की बात को समझें और जब मुख्य सचिव ने दो घंटे तक एक बैठक आहूत किया और कहा कि जो मैंने प्रस्ताव दिया है वह स्वीकार किया जा सकता है, परंतु उसके बाद भी उसको अस्वीकार किया गया। तत्पश्चात सांसद जोशी प्रधानमंत्री और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री से मिलकर मुख्य सचिव द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा किया वही प्रस्ताव प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भारी उद्योग मंत्री कार्यालय भेजा गया और भारी उद्योग मंत्रालय ने उस प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश के भारी उद्योग मंत्री के पास भेजा। उस प्रस्ताव के आधार पर भारी उद्योग मंत्रालय ने एक पत्र उत्तर प्रदेश भारी उद्योग मंत्रालय में भेजा और चर्चा कर कहा यदि कोई ठोस प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आएगा तो उस पर विचार किया जा सकता है। इसी बीच नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत से मुलाकात किया गया। जिस पर उन्होंने कहा यह अच्छा प्रस्ताव है और आज उत्तर प्रदेश के भारी उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को वही प्रस्ताव ज्ञापन के रूप में सौंपा गया है। पांच बड़ी कंपनियों ने भी उत्तर प्रदेश सरकार को इस कंपनी में निवेश करने का भी प्रस्ताव दिया है। इसी संदर्भ में सांसद प्रोफेसर जोशी और भारी उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सोमवार या मंगलवार तक मुख्यमंत्री से भेंट कर आग्रह कर चर्चा करेंगे कि किस प्रकार से इस कंपनी की चल अचल संपत्ति की संयुक्त नीलामी एक अच्छी कंपनी के माध्यम से नीलामी हो। जिससे इस कंपनी का औद्योगिक जीवन भी सुरक्षित रहे और हजारों लोगों की रोजी-रोटी ना जाए।

## विंध्याचल जा रहे डिप्टी सीएम का मेजा मे स्वागत



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा शनिवार को विंध्याचल जा रहे सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का मेजा के उरुवा ब्लाक में स्वागत किया गया. बता दें कि यूपी में दुसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर दोबारा डिप्टी सीएम की कमान संभालने के बाद शनिवार को केशव प्रसाद मौर्या विंध्याचल मे मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने जा रहे थे. डिप्टी सीएम के जाने की सुचना पर मेजा के उरुवा मे भाजपा कार्यकताओं ने उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया. स्वागत से अभिभूत डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के विकास कार्यों व जनहित मे भाजपा की नीतियों को देखते हुए प्रदेश मे दुसरी बार सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया. डिप्टी सीएम ने मेजा, उरुवा व मांडा मे एमएलसी चुनाव से संबंधित हाल चाल पुछा. डिप्टी सीएम ने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वह एमएलसी का चुनाव भी जीतेंगे. श्री मौर्या ने आगे कहा कि सीएम योगी उत्तर प्रदेश को विकास की ओर ले चलने का काम करेगें. इस मौके पर ब्लाक प्रमुख आरती गौतम, प्रतिनिधि पप्पू गौतम, जयशंकर पाण्डेय, भोला गौतम, सुभाष पयासी, वीरेन्द्र मिश्रा, पवन मिश्रा, मनीष मिश्रा, बलवंत कुमार सहित सैकड़ों रहे।

## अष्टमी पर मंत्री नन्दी और मेयर ने मां अलोप शंकरी का किया पूजन अर्चन



**प्रयागराज।** शनिवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी जी के साथ शक्ति पीठ आलोपशंकरी मंदिर में पूजन अर्चन किया। लोक कल्याण के साथ ही पुण्य की कामना की। मां अलोप शंकरी का पूजन अर्चन करने के साथ ही हवन कुंड में आहुति डाली। इस दौरान मंदिर के महंत के साथ विभिन्न भाजपा कार्यकताओं से भी मिले ' मंत्री नन्दी ने कहा कि मां जगत जननी के 51 शक्ति पीठों में एक अलोप शंकरी देवी मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है। लोगों का विश्वास है कि मंदिर के कपाट बंद होने के बाद भी झूला चलता रहता है। इस पालने को लाल कपड़े से ढ़का जाता है। पालने के नीचे एक कुंड बना हुआ है। जिस कुंड के जल को चमत्कारिक शक्तियों वाला माना जाता है। शक्ति पीठ को लेकर मान्यता है कि मां पार्वती के सती होने के बाद जब उन्हें भगवान शंकर ले जा रहे थे। तब उनके हाथ का पंजा यहां पर गिरकर अदृश्य हो गया था। इसी वजह से इसे अलोप शंकरी का नाम दिया गया। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में आकर सच्चे मन से की गई पूजा अर्चना कभी व्यर्थ नहीं जाती और मां अलोप शंकरी सभी भक्तों की मनोकामनायें पूरी करती हैं।

## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ खा कर चालक दी जान

**झूंसी।** क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में एक चालक ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को नही दी। मृतक पेशे से ड्राइवर बताया जा रहा है। शुक्रवार की रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए। शनिवार सुबह जब युवक काफी देर तक सोता ही रहा तो घर के अन्य सदस्यों ने जाकर देखा तो वह उल्टी दस्त कर कराह रहा था। परिजनों को बताया कि उसने सब्जियों में छिड़कने वाली दवा खाई है जिसकी खाली पन्नी भी पास ही पड़ी थी। परिजन चीखने चिल्लाने लगे और आनन फानन में 108 एम्बुलेंश से गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया बतया जाता है जहा इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र को पुलिस ने बेरहमी से पीटा

अखंड भारत संदेश



पुलिस के द्वारा मारे जाने का निशान दिखाता छात्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र सर्वेश यादव को विश्वविद्यालय चौकी में पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस की बेरहमी के विरोध में साथी छात्रों ने शनिवार रात पहले कर्नलगंज थाने पर हंगामा करते हुए घेराव किया और फिर एसएसपी आवास पहुंच गए। वहां भी रात तक छात्र पुलिसवालों पर एक्शन लेने की मांग करते हुए डटे रहे। एसएसपी ने एसपी सिटी से इस घटनाक्रम पर रिपोर्ट मांगी है।

**लाइब्रेरी से निकला तभी पकड़ ले गए थे पुलिसवाले :**

छात्रों का आरोप है कि प्रतापगढ़ निवासी सर्वेश यादव शनिवार दोपहर विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहा था। इसके बाद वह चाय पीने के लिए बाहर जा रहा था। इसी बीच कर्नलगंजन थाने के दो दरोगा और सिपाही आए। फिर छात्र को पकड़ कर चौकी ले गए। यह बात साथी छात्रों को पता चला तो चौकी पहुंच गए। सर्वेश पुलिस के चंगुल से छूटा तो उसके पूरे शरीर पर पिटाई की वजह से लाल नीली धारियां दिख रही थीं। इससे छात्र भड़क उठे। बड़ी संख्या में छात्रों ने रात में पहले कर्नलगंज थाना घेरकर देर तक पुलिस के खिलाफ नारे लगाए। वहां कोई सुनवाई नहीं हुई तो फिर एसएसपी आवास पर जाकर पुलिसवालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए जमा हो गए।

**साथी के चक्कर में उठाया था पुलिस ने :**

पता चला है कि पुलिस ने सर्वेश को उसके एक साथी श्रवण के चक्कर में पकड़ा था। प्रतापगढ़ में रानीगंज इलाके के श्रवण की लूट के मामले में पुलिस को तलाश है लेकिन वह मिल नहीं रहा। उसके बारे में पूछताछ के लिए ही पुलिस ने सर्वेश को पकड़ा और इस तरह से पीटकर यातना दी। साथी छात्रों की मांग है कि पीटने वाले पुलिसवालों के खिलाफ निलंबन के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाए। एसएसपी अजय पांडेय का कहना है कि एसपी सिटी से इस पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई के बारे में फैसला होगा।

# दुष्कर्म के मामले में निलंबित असिस्टेंट प्रोफेसर पर दर्ज केस की फिर होगी विवेचना

**प्रयागराज।** सीएमपी के निलंबित असिस्टेंट प्रोफेसर मदन यादव की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। जेल में बंद मदन और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज मुकदमे की विवेचना फिर से होगी। वादिनी ने इस मुकदमे में पुलिस की ओर से प्रेषित की गई अंतिम रिपोर्ट को चुनौती दी थी। जिसे स्वीकार कर कोर्ट ने पुनर्विवेचना का आदेश दिया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि जल्द ही इस मामले की विवेचना नए सिरे से होगी। कर्नलगंज निवासी युवती ने असिस्टेंट प्रोफेसेर मदन पर 2019 में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में तो उसे जमानत मिल गई थी लेकिन अपने मुकदमे के गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजवाने में दर्ज मुकदमे में उसे कुछ महीनों पहले दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दुष्कर्म का केस दर्ज कराने के कुछ महीनों बाद ही वादिनी ने मदन व उसके रिश्तेदारों समेत कर्नलगंज थाने में एक केस दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने के लिए उसे न सिर्फ धमकाया गया बल्कि जातिसूचक गालियां भी दी गईं।

## जल्द ही फिर दर्ज किए जाएंगे बयान

पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर वादिनी की ओर से लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई थी और ऐसे में मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई थी। इस अंतिम रिपोर्ट को मुकदमा वादिनी की ओर से कोर्ट में चुनौती दी गई। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतिम रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए पुनर्विवेचना का आदेश दिया है। जिसके बाद अब मुकदमे की विवेचना फिर से की जाएगी। सीओ कर्नलगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि वादी, गवाह व आरोपियों का बयान जल्द ही फिर से दर्ज किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### बाबूगंज में धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**बाबूगंज।** रामनवमी व हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में बाबूगंज में रविवार को गाजे बाजे के साथ धूमधाम से माँ भगवती की शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में सुरेंद्र कुमार मौर्य विहिप नेता ने उपस्थित भक्तों के बीच कहा कि यह दिन हम सब के लिए बहुत ही सौभाग्य का दिन है। माँ भगवती सभी की मनोकामना पूर्ण करें। शोभायात्रा बाबूगंज बाजार में शनिवार को माताचौरा से शुरू हो कर बाबूगंज बाजार के हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, भाजपा नेता अशोक चौधरी, विजय पाल, सुरेश चन्द्र जयसवाल , नीरज जायसवाल, राजकुमार मोदनवाल, सुरेश चंद्र केसरवानी, गिरीश चंद्र, मुन्ना जयसवाल, भारत लाल जायसवाल, अजय कुमार गुप्ता, श्याम लाल पटेल, जंग बहादुर, कमलेश कुमार ,त्रिलोकी नाथ गुप्ता ,प्रदीप जायवल,नीतिश जयसवाल,नीरज,सूरज,गौरव, गुप्ता,राकेश ,शिवकुमार,अरविंद,राकेश ,दीपक,गोलू,सागर ,सत्यम,राम जी,राम बाबू,,भारत लाल,शेष कुमार,सतीश,विकास,बीरेन्द्र के साथ ही अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

### बेटियां किसी बेटों से कम नहीं, समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता : अभिषेक सिंह पटेल



**जसरा।** स्त्री ही राष्ट्र की असली खेवनहार हैं बिना महिलाओं के सशक्त हुए देश के चहुमुखी विकास संभव नहीं हैं।प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता हैं कि माँ, बेटी, बहन,पत्नी आदि के रूप महिलाओं को भरपूर सम्मान के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के सम्पूर्ण अवसर प्रदान करें उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें महिला सशक्तिकरण के रूप श्रीमती लीला देवी, श्रीमती ममता मिश्रा, श्रीमती मीनाक्षी झुनझुनवाला को नवरात्रि के अवसर पर शमी एवम तुलसी के पौधे भेंटकर सम्मानित किये। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सूर्यकान्त गुप्ता जी नें बेटियों को समान शिक्षा एवम अवसर प्रदान करने की अपील के साथ बोले कि बेटियां किसी बेटों से कम नहीं बस आवश्यकता हैं उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षामित्र संतोष कुमार समेत छात्र एवम छात्राएं मौजूद रहे।

### कन्यादान सामूहिक विवाह के लिए निकला कलश शोभायात्रा



**नैनी।** क्षेत्र के महेवा स्थित मिशन इंफॉर्मेशन संस्था द्वारा शनिवार को दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर मां वैष्णो देवी व नौ देवियों के द्वारा लिए गए संकल्प के तहत कन्यादान सामूहिक विवाह के लिए प्राचीन श्री भैरव बाबा मंदिर से कलश शोभायात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम से निकला। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके राठौर व उनकी पत्नी राष्ट्रीय सचिव मंजू देवी के दो पुत्रों के अलावा कोई भी पुत्री ना होने की वजह से उन्होंने गरीब कन्याओं की शादी के लिए जन जागरण जागरूक अभियान जारी रखे हुए हैं। उक्त संस्था की ओर से गरीब कन्याओं की विवाह कराते चले आ रहे हैं। इसी कड़ी में वह शनिवार को दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर 108 महिला शक्तियों के साथ कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 11 दिव्यांगों की हुई धूमधाम से शादी



**नैनी।** प्रयागराज के पूर्व महापौर एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय श्यामा चरण गुप्ता की पुण्यतिथि पर शनिवार को नैनी के धनुहा स्थित श्याम डेरी प्रांगड़ में 11 दिव्यांग जोड़ों की शादी रचाई गई। इस मौके पर दिव्यांग जोड़ों को विदाई स्वरूप नकदी समेत घर गृहस्थी के उपहार सप्रेम भेंट किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं प्रांगण में पूर्व सांसद श्यामा चरण गुप्ता के पुण्यतिथि पर हवन व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद की पत्नी जमुनोत्री गुप्ता, बेटे विदुप अग्रहरि, विभव अग्रहरि, बेटी वेनू आदि ने सभी कार्य को सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी, दीपक पटेल पूर्व विधायक, पीयूष रंजन निषाद करछना विधायक, विकास गुप्ता फतेहपुर विधायक, संग्राम सिंह विधायक, व्यापारी नेता विजय गुप्ता, संदीप यादव प्रमोद बंसल, सतीश केसरवानी, अशोक गुप्ता, शिवकुमार वैश्य, सुनील अग्रहरि व संतोष जैन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ एम एल सी चुनाव

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर में शनिवार को एम एल सी चुनाव के लिए हो रहा मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। भाजपा और सपा के कार्यकर्ता जहां अपने प्रत्याशी के समर्थन में डटे रहे वहीं सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी मय फोर्स भ्रमण पर रहे। शाम चार बजे तक सभी मतदाताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया। शनिवार सुबह से भारतीय जनता पार्टी के फूलपुर संयोजक ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद सिंह पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता अपने मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए मुस्तैदी से जुटे रहे। वही सपा के कार्यकर्ता भी अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास करते रहे। बता दें कि प्रदेश की 36 सीटों में नौ सीटों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। वहीं अवशेष 27 सीटों पर शनिवार को मतदान सकुशल संपन्न हुआ। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में काशी प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, वरुणा मंडल अध्यक्ष समर जीत मौर्य सहित भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम बाबू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समर्थक दिनभर डटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे एस पी गंगापार ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी प्रवीणानंद व सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद पांडेय के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी अखिलेश कुमार चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए मुस्तैदी से लगे रहे।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव का मतदान

**सहसों।** उत्तर प्रदेश के बड़ी असेंबली के निचले सदन विधान परिषद सदस्य के चुनाव को लेकर शनिवार को ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य द्वारा बहुत ही शांति के साथ मतदान किया गया। विकासखंड सहसों में विकासखंड गठित होने के पश्चात पहली बार शनिवार को विधान परिषद सदस्य के लिए सुबह आठ बजे से ही मतदान शुरू हो गया।। विकासखंड के अंतर्गत कुल 97 मतदाताओं में से 45 ग्राम प्रधान तथा 52 क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे। शाम चार बजे तक 97 मतदाताओं में से 96 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मिलाकर मतदान सशस्त्र बलों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी वासुदेव यादव की पुत्री निधि यादव तथा भाजपा प्रत्याशी की तरफ से क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल विकासखंड के बूथों पर पहुंच कर कर कार्यकताओं से जानकारी प्राप्त करते रहे।

## विधायक फुलपुर ने बहादुरपुर में किया मतदान




बहादुरपुर ब्लाक पर समर्थकों के साथ बैठे विधायक व ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर

**हनुमानगंज।** एमएलसी का चुनाव बहादुरपुर ब्लाक में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विधायक फुलपुर प्रवीण पटेल व ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू के साथ दर्जनो प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मतदान किया। बहादुरपुर में कुल 159 मतों के सापेक्ष 158 मत पड़े। यहां बीडीसी के 92, प्रधान के 66 तथा एक मत विधायक फूलपुर के मत पड़ने थे। जिसमें 63 मत 11 बजे तक, 106 मत 12 बजे तक, 139 मत 1 बजे तक, 153 मत 2 बजे तक, तथा 158 मत 3 बजे तक पड़े। बहादुरपुर ग्राम सभा के इब्राहिमपुर वार्ड की बीडीसी रेशमा पत्नी वसीम बीमारी के चलते मतदान नहीं कर सकी। इस तरह शत-प्रतिशत मतदान के लिए एकमत की कमी रह गई। पूरा चुनाव भाजपा मय रहा। भाजपा के पंडाल में पूरे टाइम ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू अपने समर्थकों के साथ बैठे रहे।



## भारत गंज टाउन में विद्युत बकायेदारों व विद्युत चोरी करने वालों पर गिरी गाज

**मेजा।** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश तिवारी के अगुवाई में भारतगंज टाउन में विद्युत बकायेदारों व विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें दर्जनों विद्युत बकायेदारों की बिजली काट दी गई और विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया। अधिशासी अभियंता राजेश तिवारी ने बताया कि विद्युत बकायेदारों में विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी। मौके पर अधिशासी अभियंता राजेश तिवारी व जेई अनुज अवस्थी, जेई इंद्रमणि, जेई प्रदीप कुमार मिश्रा, जेई लवकुश बिंद के साथ संविदा कर्मी मौजूद रहे।

# वि. ख. कौधियारा में संकुल प्रभारी एवं प्रधानाचार्य कीं मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**करछना।** शनिवार को वि ख कौधियारा के खण्ड शिक्षाधिकारी/ एआरपी/ प्रधानाध्यापक/ शिक्षक संकुल की मासिक बैठक दो चरणों (संकुल भवन अकोढ़ा और संकुल भवन बारीबजहिया) मे खण्ड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा श्री शिव औतार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक मे बी ई ओ ने नामांकन, हाउस होल्ड सर्वे, एम डी एम, कायाकल्प, रीडिंग कैम्पेन सहित विभिन्न विभागीय दिशा निदेर्शों को प्रधानाध्यापकों, शिक्षक संकुलों के साथ साझा किया । बैठक का संचालन करते हुए एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल ने स्कूल चलो अभियान की मासिक कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा किए साथ ही एआरपी सर्वश्री अनुराग पाण्डेय, अनिल कुमार सिंह और विनोद कुमार मल्ल ने मिशन प्रेरणा और निपुण भारत के तहत विद्यालयों मे गतिविधियां संचालन का सुझाव दिया।बैठक मे महेश चन्द्र शुक्ल, सविता शर्मा, मनोज कुमार तिवारी, धनंजय कुमार ओझा फिदाहुसेन, सुरेश मिश्र, रिजवान अहमद, नीलम शुक्ल, संजय सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, प्रीतीश्रीवास्तव, मो0यूसुफ,काजल कनौजिया सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अन्त मे विद्यालय के प्रधानाध्यापिका और शिक्षक संकुल श्री मती शालिनी श्री वास्तव द्वारा धन्यवाद ग्यापित कर बैठक का समापन किया गया।गणेश मंगल अफरोज खान विष्णु कांत श्रीवास्तव हेमलता गुप्ता प्रमिला सिंह मानवेंद्र सिंह शिमला उमेश हेमंत मनोज जयसवाल मनेंद्र सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे हैं।

## बछड़ा बांध के समीप वन क्षेत्र में लगी आग

**मेजा रोड।** मेजा रेंज बछड़ा बांध के समीप सुबह 8बजे से ही आग की ऊंची लपटें दिखाई देने लगी समीपस्थ ग्राम भइयां, दरी,के ग्रामीणों द्वारा बन विभाग मेजा को सूचना दी गई व फायर ब्रिगेड सहित तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी सूचित किया गया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने का अथक प्रयास किया किन्तु देखते ही देखते आग के लपेट में बछड़ा बांध के पश्चिमी भाग का पूरा वन क्षेत्र आ गया। वन विभाग से सटे किसानों की गेंहू की फसल खेतों में ही खड़ी होने की वजह से किसानों द्वारा बचाव हेतु बछड़ा बांध माइनर से पानी का छिड़काव भी किया गया किन्तु समाचार लिखे जाने तक आग बेकाबू ही रही। घटना स्थल पर उपस्थित जनसुनवाई फाउंडेशन के वालंटियरों द्वारा बताया गया कि जनपद प्रशासन एवं तहसील प्रशासन तक बात पहुंचाई गयी किन्तु अपेक्षित सहयोग समय पर न पहुंचने के कारण आग ने बिकराल स्वरूप धारण कर लिया काफी देर बाद छोटे आकार का फायर ब्रिगेड ही पहुंच पाया था।भारतीय जनता पार्टी के कोहड़ार मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता गोविंद प्रसाद मिश्र एवं जनसुनवाई फाउंडेशन के वालंटियरों द्वारा ग्रामीणों को साथ लेकर वनविभाग व फायर ब्रिगेड का सहयोग करते हुए नजर आए।

# ऑनलाइन क्लास के दौरान छात्र ने महिला अतिथि प्रवक्ता को भेजा अश्लील मैसेज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में ऑनलाइन कक्षा के दौरान महिला शिक्षकों को व्हाट्स एप पर अभद्र मैसेज भेजने के आरोप में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र जितेश प्रकाश मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। महिला अतिथि प्रवक्ता से लिखित शिकायत मिलने के बाद इविवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. हर्ष कुमार ने यह कार्रवाई की।महिला अतिथि प्रवक्ता ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि ऑनलाइन कक्षा के दौरान जितेश ने उनके व्हाट्स एप नंबर पर अभद्र मैसेज भेजे। साथ ही वह अन्य छात्रों के बीच भी सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्स एप के माध्यम से महिला अतिथि प्रवक्ता के बारे में अफवाहें फैला रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहीं हैं।

## छात्र को कारण बताओ नोटिस जारी

चीफ प्रॉक्टर ने छात्र को जारी निलंबन एवं कारण बताओ नोटिस में लिखा है कि यह कृत्य अनुशासनहीनता और अपराध की श्रेणी में आता है। इस आरोप में जितेश को विश्वविद्यालय से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। साथ ही छात्र से कहा गया है कि वह 19 अप्रैल को अपने अभिभावक के साथ चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में अपराह्न दो बजे से तीन बजे के बीच उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण दे।

# समस्त पापों को नष्ट करने वाली हैं महागौरी



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** नवरात्रि में मां दुर्गा की आठवीं महाशक्ति का नाम है महागौरी नवरात्रि के आठवें दिन इनकी पूजा का बड़ा विधान है। श्रद्धा भक्ति के साथ अंतः करण से महागौरी की पूजन व उपासना से भक्तों का सभी प्रकार के पापों को नष्ट कर देती हैं। आदि शक्ति महागौरी, चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन भक्तों द्वारा मां महागौरी की आराधना की गई। सहसों बाजार में मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा के आठवें रूप में महागौरी की पूजा आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा कराया गया। इसी तरह क्षेत्र के ललचहां गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर में भक्तों द्वारा सुबह से ही मां का जलाभिषेक कर चुनरी के साथ नारियल भोग तथा सफेद पुष्प चढ़ाकर मां दुर्गा की आरती कर श्रद्धालु भक्तों ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह देवी चौरा इनायतपुर, मसुरियन माई मंदिर चकिया घरहरा, देवी चौरा सिंगरामऊ एवं टटिहरा में भी भक्तों द्वारा भोर से ही दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री ने बताया कि मां दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की आराधना में सफेद पुष्प तथा नारियल से बनी हुई चीजों का भोग लगाया जाता है। जिससे मां प्रसन्न होती हैं। महागौरी की पूजा अर्चना से सुख समृद्धि के साथ असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने कहा जो भी भक्त सच्चे मन से इन महागौरी की उपासना करता है उसके जीवन से दुःख, दरिद्रता सहित सर्व कष्ट निवारण कर महागौरी अपना आशीर्वाद देते हुए सर्वाधिक कल्याण करती हैं। इसी तरह क्षेत्र के सोपरावारी गांव में अष्टमी के दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात माता चौरा की डोला शोभायात्रा ग्रामीण भक्तों द्वारा निकाली गई। डोला शोभायात्रा माता चौरा से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सभी ग्रामवासी भक्त माता चौरा की डोला पर फूल अर्पित करते हुए पूजा पाठ कर आशीर्वाद लिया। माता चौरा डोला यात्रा के साथ ध्वजा पताका लिए हुए सभी श्रद्धालु भक्त माता रानी के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के समापन पर सायंकाल भव्य आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में राघवेंद्र शुक्ल, पवन शुक्ल, श्याम जी शुक्ल, मुन्ना सिंह ,संदीप शुक्ल, प्रमोद शुक्ल, राकेश शुक्ल, मान सिंह पटेल, रुद्रमणि मिश्र , यशोधरन, चंद्रशेखर पटेल, शैलेंद्र सिंह, सुभाष पटेल सहित आदि श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## माँ शीतला का हुवा भव्य श्रृंगार पूजन व जबाबी कीर्तन



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र रामनगर बाजार स्थित माँ शीतला का भव्य श्रृंगार पूजन माँ कालरात्री के रूप में पूजी गई। जिसमे पुष्पों व आभूषणों द्वारा शक्ती स्वरूपा माँ की आकर्षण झांकी का दर्शन पूजन भक्तों द्वारा हुवा, जिसमे आपार भीड़ माँ के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। कतारों में महिला एवं पुरुष लगकर माँ का जगराता लगाते हुए दर्शन किया। साथ ही शीतला माँ समिति द्वारा जगराता हेतु जबाबी कीर्तन कलाकरों सुशील दिनकर प्रयागराज एवं राखी आजाद जालौन के द्वारा सुंदर-सुंदर भक्त मय भजन व जबाबी कीर्तन से सारा माहौल भक्ति में सराबोर हो गया।जिसमे जनता व निर्णायक मंडल द्वारा गायक सुशील दिनकर को प्रथम वरीयता दिया गया।समिति के संरक्षक मोती लाल पाल धनगर ने अखण्ड भारत संदेश के पत्रकार विनोद विश्वकर्मा को जानकारी दी की उमाशंकर पुजारी के अध्यक्षता में नित्यानंद उपाध्यय व बाला जी गुरु जी के द्वारा फीता काटकर माँ का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। वरीष्ठ सहयोगी ग्रामप्रधान प्रतिनिधि नीरज यादव , इंजीनियर अरुण यादव, दिनेश शर्मा, जमुना सेठ, तीर्थ राज बिंद, अमरनाथ बिंद, प्रेमा नन्द मिश्र (पत्रकार), राम कैलाश विश्वकर्मा (पत्रकार), भुल्ली पंडा, ठाकुर पंडा, मदन पंडा, सोनू पंडा, नीरज धनगर, रामा नन्द कुशवाहा (मास्टर जी), डॉक्टर राजेन्द्र बिंद, मो0 आफताब, रियाज अहमद, संजय केशरी, उमेश जयसवाल, बिंदु पाल (इलेक्ट्रिक) काशीराम पाल, रामअवतार, ईश्वर चन्द पाल, राजेश पाल, अमरनाथ पाण्डेय आदि प्रमुख के सहयोगियों से भव्य कार्यक्रम संम्पन हुवा।

## देवी मां के गीत पर जय माता के जयकारों से गूंजता रहा पंडाल

**नैनी।** डांडी गांव में देवी जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने देवी गीत की प्रस्तुति कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। साथ ही महिषासुर वध, मां काली पर आधारित कलाकारों के द्वारा रूपांतरण की प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया। पंडाल में मौजूद लोगों के द्वारा जय माता के जयघोष गूंजते रहे। वहीं देवी मां के भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया इस दौरान करछना विधानसभा क्षेत्र के विधायक पियूष रंजन निषाद, व्यापार मंडल के महामंत्री कादिर भाई, डांडी बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित साहू, समाचार पत्र विक्रेता संघ के कोषाध्यक्ष लव कुश सहित पंकज यादव, नीरज यादव, गुड्डू साहू, राम भवन पाल समेत कई लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा वि0 ख0 करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **डीहा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10-04-2022 से दिनांक 19-04-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **डीहा** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20-04-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20-04-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत डीहा में गौशाला में तार फेसिंग एवं पशुओं के लिए चरही निर्माण कार्य | 4.50 लाख | 1 माह |
| 2. | गौशाला में भूसा घर निर्माण कार्य | 3.75 लाख | 1 माह |

प्रेम चन्द्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# भाजपा, सपा व जनसत्ता दल में देखने को मिली टक्कर

## प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटिका में कैद, 12 को होगा फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजा भइया की प्रतिष्ठामूलक सीट प्रतापगढ़ के एमएलसी का चुनाव इस बार दिलचस्प दिखाई दिया। आज हुए मतदान में जनसत्ता दल के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मुकाबले जहां भाजपा के हरिप्रताप सिंह और समाजवादी पार्टी के विजय यादव भी जगह-जगह मुकाबला करते दिखाई दिये। प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के चलते इस बार धांधली नहीं के बराबर हुई है। एमएलसी पद के लिये वैसे तो छह प्रत्याशी थे लेकिन मुख्य मुकाबला जनसत्ता दल के अक्षय प्रताप सिंह गोपाल, भाजपा के हरिप्रताप सिंह व सपा के विजय यादव के बीच में होने की संभावना है। फिलहाल मतदाताओं ने अपना फैसला सुना दिया है। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 12 अप्रैल को मतगणना के बाद होगा।

जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल लगातार मतदान स्थलों का निरीक्षण करते रहे। लक्ष्मणपुर ब्लाक में पहुंचने पर डीएम ने बीडीओ सहित दो एडीओ के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया। सांसद और विधायकों ने भी इस भीषण गर्मी में मतदान करने से नहीं चूके। सदर ब्लाक में सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपना मतदान किया। बिहार ब्लाक में राजा भइया, मानधाता ब्लाक में भाजपा विधायक जीतलाल पटेल व रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा, सदर ब्लाक के जिला पंचायत सभागार में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने मतदान किया। इसके अलावा सांसद संगम लाल ने भी सदर ब्लाक में मतदान किया। उधर रामपुरखास विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्थानीय प्राधिकरण विधान परिषद निर्वाचन मे शनिवार को पूर्वान्ह अपने गृह ब्लाक रामपुर संग्रामगढ़ मे मतदान करने पहुंची। करीब साढ़े ग्यारह बजे मतदान केन्द्र पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मतदान कक्ष पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। हर मतदान केन्द्र पर एक-दो मतदाता तो उपस्थित नहीं हो सके। उनके विशेष कारण से सांगीपुर ब्लाक में पति प्रधान के खत्म होने पर पत्नी गीता देवी का नाम नहीं चढ़ पाया था, इसलिये वह वोट नहीं दे सकीं। मानधाता ब्लाक में प्रधान के बीमार होने के कारण मतदान नहीं किया जा सका। जबकि लक्ष्मणपुर में एक मतदाता हत्या के मामले में जेल में होने के कारण मतदान नहीं कर सका। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मानधाता में 214 में 213, लक्ष्मणपुर में 144 में 143, संग्रामगढ़ में 148 में 147, लालगंज में 138 में 137, सांगीपुर में 169 में 166, कुण्डा में 225 में 225, बिहार में 199 में 199, बाबागंज में 168 में 168, कालांकर में 151 में 150, पट्टी में 136 में 136, देवसरा में 143 में 140, बेलखरनाथ में 159 में 158, शिवगढ़ में 149 में 147, गौरा में 134 में 132 मत पड़े हैं। कुल 2815 मतदाता थे जिनमें से हर मतदान केन्द्र पर एक-दो मतदाता नहीं पहुंच सके हैं। हर मतदान केन्द्र पर सीआरपीएफ के साथ फोर्स लगी हुई थी।






बिहार ब्लाक में मतदान के लिये लाइन में खडे. रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया, मतदान करने के बाद बाहर निकलते रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल व रामपुर खास विधायक आराधना मिश्र मोना



सदर ब्लाक में मतदान करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## पहली महिला अध्यक्ष ने मतदान से नगर पंचायत का बनाया रिकार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एमएलसी चुनाव मे लालगंज नगर पंचायत की पहली अध्यक्ष के रूप मे अनीता द्विवेदी ने भी मतदान कर नगर के नाम एक और रिकार्ड दर्ज कराया। दोपहर बाद स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर बने मतदान केंद्र मे प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के साथ पहुंचकर चेयरपर्सन अनीता ने अपना मत डाला। वहीं सभासदों मे भी पहली बार एमएलसी चुनाव मे मतदान को लेकर दिलचस्पी दिखी।

## कालाकांकर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के सभागार कक्ष में शनिवार की प्रातः 8 बजे से विधान परिषद का चुनाव शुरू हुआ जिसमें सुबह साढ़े आठ बजे तक एक भी वोट नही डाला जा सका। पीठासीन अधिकारी के रूप में अश्वनी कुमार सिंह (जिला कृषि अधिकारी प्रतापगढ़) नियुक्त किये गए जिनके साथ दो अन्य कर्मचारी मतदान स्थल के अंदर डियुटी पर लगे रहे। ब्लाक मुख्यालय के मुख्य गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल के जवान मुस्तैदी से डटे रहे। कुंडा एसडीएम सतीशचंद्र त्रिपाठी व सीओ अमित कुमार सिंह ने नवाबगज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह के साथ मतदान स्थल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन कराने के लिए दिशा निर्देश दिया। उधर बिहार ब्लाक के मतदान केंद्र में जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया ने कड़ी धूप की परवाह के करते हुए लाइन में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## पट्टी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एमएलसी चुनाव में तहसील पट्टी के आसपुर देवसरा विकास खंड तथा विकास खंड पट्टी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न हुआ। पट्टी विकासखंड में कुल 136 मतदाता तो आसपुर देवसरा में 143 वही मंगरौरा ब्लॉक में कुल 141 तथा बाबा बेलखरनाथ धाम में कुल 159 मतदाता एमएलसी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। हालांकि परिणाम 12 अप्रैल को आएगा। स्टैटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुबह आठ बजे से ही मतदान प्रारंभ हो चुका था। मुख्य गेट पर पुलिस फोर्स तैनात रही।

# हरिओम शुक्ल राष्ट्रीय युवा वाहिनी के मण्डल अध्यक्ष नियुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के0डी0 शर्मा द्वारा प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष पद पर हरिओम शुक्ल की नियुक्ति की गई। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रांतीय कार्यालय 519, डूडा कालोनी, राजाजी पुरम, लखनऊ पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री रजनीश श्रीवास्तव द्वारा हरिओम शुक्ल को प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष का नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को प्रसारित एवं प्रोत्साहित करने के लिए यह भाजपा का नेशनल वालिंटियर फ्रंट है। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष चुने जाने पर हरिओम शुक्ल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के प्रति सदैव समर्पित तथा संगठन को मजबूत बनाने के प्रति गंभीर रहेंगे। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आमिर खान, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सत्यम सिंह चैहान, मण्डल अध्यक्ष आगरा अनुज दुबे, लिखल शुक्ला, डब्बू सिंह, अजय प्रताप सिंह एवं राहुल मिश्रा सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण एवं सदस्य मौजूद रहे।



हरिओम शुक्ल को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।

## इंटर की परीक्षा में एक छात्रा का हुआ रिस्टीकेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की चल रही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं में शनिवार को सचल दल द्वारा महावीर खींची इंटर कालेज अजगरा रानीगंज में इंटर की एक परीक्षार्थी रुमा नकल सामग्री के साथ पकड़ ली गई जिसे रिस्टीकेट कर दिया गया। बताया जाता है कि शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी, जिसमें पंजीकृत 57169 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 6959 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। 50210 परीक्षार्थियों ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी। इनमें 26395 छात्र व 23815 छात्राएं शामिल थी। इसी बेला में इंटर में व्यवसायिक में 656 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। केवल 604 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय बेला में इंटर मीडिएट का संस्कृत था, जिसमें पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 6890 में 709 अनुपस्थित हो गये। 6181 परीक्षार्थियों ने संस्कृत की परीक्षा दी, जिसमें 1442 छात्र व 4739 छात्राएं शामिल थीं।

## पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रैंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर फलदार छाया और साज सज्जा के दर्जन भर पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर आरपीएफ सीपी मिश्रा और विशेष अतिथि डिप्टी एसएस एसपी पांडेय ने कहा कि पेड़ पौधे है, तभी तक जीवन बेहतर संभव है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से ग्लोबल वार्मिग का खतरा कम हो जाता है। कार्यक्रम में ट्रेन मैनेजर वीके तिवारी, उमेश चन्द्रवंशी, भरत यादव, नवाब अली, लवकेश, जेपी राकेश समेत कई सहयोगी मौजूद रहे।

# पीछे की दीवाल काटकर चोरों ने किराना दुकान से उड़ाए लाखों के माल

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीती रात एक किराना की दुकान के पीछे दीवाल का रिजल्ट चोरों ने लाखों रुपए का माल तथा नगरी रुपए उठा ले गए हालांकि सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई। दुकान में घुसे तीनों चोर अपना मुख काले कपड़े से बात कर रखे थे। पीड़ित ने मामले की सूचना आसपुर देवसरा थाने में दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत रामगंज बाजार में रामगंज बाजार के निवासी सौरभ उपाध्याय पुत्र विजय उपाध्याय की रामगंज कोट तथा नहर के बीच किराना की दुकान है। किराने की दुकान से ही वह अपनी रोजी-रोटी चलाते है।

शुक्रवार की रात करीब तीन बजे दुकान के पीछे से आए तीन चोरों ने पीछे की दीवार काटकर दुकान के अंदर घुस आये, उसके बाद दुकान के अंदर रखा हुआ 90 हजार रुपये का सामान तथा 10 हजार रुपये नगदी उठा ले गए। हालांकि चोरी की वारदात दुकान के अंदर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा देखने पर सभी बदमाश अपना मुंह काले कपड़े से ढके हैं। इस मामले में आसपुर देवसरा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग कॉल कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गोवंश की बरामदगी में पुलिस को मिली सफलता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस को गोवंश की बरामदगी मे शुक्रवार की रात बड़ी सफलता मिली। वहीं पुलिस ने दर्जन भर गोवंश को सुरक्षित करने के साथ एक डीसीएम भी कब्जे मे लेने मे कामयाबी ली। हालांकि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार होने मे भी सफल हो गये। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल शुक्रवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली के भागीपुर कमौरा चैकी के अर्न्तगत तेजगढ़ पुल के साथ एक संदिग्ध डीसीएम को पुलिस ने रूकवाया। पुलिस को देखते ही वाहन पर सवार चालक व आरोपी भाग निकले। पुलिस ने डीसीएम से बारह गोवंश सुरक्षित उतरवाया। चेकिंग के दौरान चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज भी भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। पुलिस डीसीएम को कब्जे मे लेकर चैकी ले आयी। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले मे केस दर्ज कर शीघ्र आरोपियों को चिन्हित कर लिया जाएगा। पुलिस की कामयाबी पर एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र व सीओ रामसूरत सोनकर ने मातहतों की पीठ भी थपथपाई।

## किशोरी लापता, अपहरण का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** परीक्षा देने गई किशोरी के लापता होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामपुर बावली निवासी मो. वकीम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात अप्रैल को उसकी सोलह वर्षीया बेटी आफरीन बानो घर से परीक्षा देने निकली। रामपुर बावली स्थित दिनेश इण्टर कालेज परीक्षा केंद्र के लिए निकली बेटी संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गयी। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चार दिन से गायब अर्धविक्षिप्त का शव गांव के बाहर कुएं में उतराता मिला

### परिजनों ने की शव की पहचान, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चार दिन से गायब एक अर्ध विक्षिप्त का शव गांव के बाहर कुएं में उतराता हुआ दिखाई दिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक की पहचान की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महरूपुर गांव के श्रीराम गौतम के तीन बेटों अखिलेश कुमार, माता प्रसाद में रमेश कुमार मझला बेटा था। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से कुछ परेशान रहता था। चार दिन पहले घर से अचानक गायब हो गया नात-रिश्तेदार तथा संभावित स्थानों पर पता करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो इसकी सूचना थाने पर दी गई, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह चरवाहों को गांव के बाहर एक कुएं दुर्गंध आई तो लोग वहां पहुंचे और झांका तो एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया। शोर-शराबा होने पर तथा आसपास के लोग आए परिजनों ने युवक की पहचान रमेश के रूप में किया। इसकी सूचना पट्टी कोतवाली पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संस्कार ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत किया लघु नाटिका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेंगा में शनिवार को दुर्गाष्टमी और रामनवमी के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का सन्देश दिया। देवी देवताओं के वेश में सजे बच्चों ने लोगों का मनमोह लिया। प्रधानाचार्य स्मृति सिंह ने कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादित रहा, उनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने सभी को एक साथ रहने की सलाह दी। उमा सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति का सम्वर्द्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। लघुनाटिका की प्रस्तुति गुंजन सिन्हा, दया पुष्पजीवी, सोनम सोनी, शुभी, शुभांगी की देखरेख में हुई। अविनाश सिंह, राखी सिंह, शिरीन, लवली रावत, विनोद मौर्य आदि उपस्थित रहे।



लघु नाटिका की वेशभूषा में सजे बच्चे।

## गुरबानी कौर को फिर मिली हॉट-सीट

**प्रतापगढ़।** बलीपुर की बेटी गुरबानी कौर 10 अप्रैल को 110 देशो में दिखेगी। आओ बनिए गुरसिक्ख प्यारा क्विज शो रविवार सुबह साढे. दस बजे चरदीकला टाइम टीवी पर प्रसारित होने वाला विश्व के प्रसिद्ध पंजाबी क्विज शो की हॉट सीट के लिए गुरबानी कौर का चयन हुआ था। इस रविवार को सीजन 25 व 6 छठे एपिसोड में सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धिया, गुरूवाणी से संबंधित प्रश्नों के उत्तर रविवार की सुबह साढे. दस बजे देंगी। मंजीत सिंह गोबिन्द ने बताया कि जिस तरह से प्रतापगढ़ के सिक्ख बच्चों में उत्साह दिख रहा है, इससे उम्मीद है कि जनपद के और बच्चे भी जल्द ही इस प्रोग्राम का हिस्सा बन सकते हैं।

## मोटरसाइकिल ट्रांसफर न करने पर हुई पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के सेखमोहम्मदपुर निवासी रंजीत कुमार पुत्र श्रीराम वर्मा ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गौरी गांव निवासी एक युवक के हाथ अपनी एक बुलट मोटरसाइकिल दो साल पहले बेचा था, जिसका ट्रांसफर कराने के लिए कई बार कहा। हर बार टाल मटोल करते रहे। इसी बीच युवक के लड़के अंकित ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात मुक्के व डंडा से मारा पीटा। शोर मचाने पर आस पास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए, जिस पर थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने रंजीत की तहरीर पर आईपीसी की धारा 323,504, 506 एक्ट के तहत मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

## आरोपियों ने गाली देते हुए जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मनैतापुर गांव की रहने वाली अनीता सरोज, संगीता व मनीता बहने हैं। उनके माता पिता की मौत हो चुकी है। तीनों की शादी भी हो चुकी है। अब ससुराल से अपने मायके आने पर तीनों के हिस्से की जमीन को उसका चाचा हड़पना चाहता है। शनिवार को जब तीनों मायके गई तो जमीनी विवाद को लेकर आरोपी चाचा ने तीनों को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और वहां से भगा दिया। पीड़ित बहने पट्टी कोतवाली पहुंची और मामले में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है।

# नशेड़ी युवक ने दुकानदार पर लाठी से किया हमला

### युवक को आई गंभीर चोटें, युवक पहुंचा कोतवाली

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नशेड़ी युवक ने दुकानदार पर लाठी से हमला बोल दिया जिसके बाद युवक को गंभीर चोटें आई। पीड़ित मामले में पट्टी कोतवाली पहुंचा और शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बंधवा बाजार गांव का रहने वाला दीपक जायसवाल बंधवा बाजार में परचून की दुकान चलाता है। पट्टी कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र देकर उसने बताया कि शुक्रवार की देर शाम आठ बजे पड़ोसी जनपद जौनपुर के लोहिंदा बाजार का रहने वाला एक व्यक्ति जो कि नशे का आदी है, उसकी दुकान पर आया और उसे गालियां देने लगा।

पीड़ित दुकानदार युवक से बचने के लिए उसे वहां से डांट कर भगा दिया, लेकिन आधे घंटे बाद वह फिर उसके पास आया और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बांस की लाठी से उसके ऊपर हमला बोल दिया जिससे उसकी आंख तथा सिर पर गंभीर चोटें आई। पीड़ित ने बताया कि आरोपी युवक ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया।

पीड़ित ने बताया कि आए दिन आरोपी युवक शराब के नशे में लोगों को परेशान करता है उसे भी आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दुर्घटना में परीक्षार्थी चुटहिल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा से घर वापसी के समय अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन परीक्षार्थी घायल हो गये। जेठवारा थाना के मानापुर गांव निवासी संजीव कुमार 16 पुत्र राधेश्याम, सुरजीत 14 व संदीप 17 पुत्र बाबूलाल बाइक से सगरा सुंदरपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे पहली पारी की परीक्षा मे शामिल होने आये थे। सामाजिक विज्ञान का पेपर देकर वापस लौटते समय नेशनल हाइवे के गहिरी मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसी बीच विधान परिषद चुनाव की व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले जिले के डीएम डा. नितिन बंसल तथा एसपी सतपाल अंतिल भी दुर्घटनास्थल पर ठहर गये। डीएम व एसपी ने घायल परीक्षार्थियों को उपचार के लिए लालगंज अस्पताल भेजवाया। यहां इलाज के बाद तीनो परीक्षार्थी घर चले गये।

## दीवार के विवाद को लेकर हुई मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के शेरवानीपुर केरावडीह निवासी महेश सरोज पुत्र स्व0 रामसुमन सरोज ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे दीवार की विवाद को लेकर गाव के तीन लोगों ने दीवार के विवाद को लेकर कहा सुनी के दौरान गाली देते हुए मार पीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आस पास के लोग दौड़े तो आरोपी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की जानकारी मिलते ही रात में नवाबगज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुचे और घायल महेश सरोज को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा। पुलिस ने महेश सरोज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना को रोकने के लिए कोखराज थानेदार ने की पहल

**कोखराज।** कौशाम्बी कोखराज थानेदार ने दुर्घटना को रोकने की पहल की है और राष्ट्रीय राजमार्ग के वनवे रास्ता हो जाने के बाद भीड़भाड़ वाले स्थान पर थानेदार ने सिपाहियों की तैनाती की है बताते चलें कि नवरात्रि पर्व पर संदीपन गंगा घाट में गंगा स्नान को लेकर स्नानार्थियों की भीड़ बढ़ जाती है चाकवन चौराहे और उसके आसपास नेशनल हाईवे रोड में एक रोड पर ही दोनों तरफ की गाड़ियों के आने से चौराहे पर हादसें की संभावना बढ़ जाती है आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं दुर्घटना रोकने के लिए कोखराज थानेदार ने चाकवन चौराहे पर पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी है और उनसे कहा कि दुर्घटना को रोकने के लिए वह पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी दे।

### तमंचा कारतस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलजार पुत्र सफीकुद्दीन निवासी कुरई थाना कोखराज को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# डीएम एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

## शांतिपूर्ण व नकल विहीन तरीके से परीक्षा को कराये सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू कर दी गई है जिसमे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किये और परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन तरीके से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने यूपी बोर्ड परीक्षा को शान्तिपूर्ण सुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु एसएवी इंटर मीडिएट कालेज सैनी सिराथू का निरीक्षण कर जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कालेजों में स्थापित कन्ट्रोल रूम को देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।



बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

## शांतिपूर्ण तरीके से एमएलसी का चुनाव संपन्न

**कौशांबी।** विधान परिषद चुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया है 97. 24% मतदाताओं ने एमएलसी के चुनाव में मतदान किया है सुबह से ही मतदान शुरू हो गया था देर शाम तक मतदान चलता रहा मतदान की कुशलता को लेकर पहले से ही डीएम एसपी ने पैरामिलेट्री और पुलिस फोर्स की तैनाती मतदान केंद्रों पर की थी जो लगातार मतदान केंद्रों में आने जाने वालों लोगों पर कड़ी नजर लगाए रखें लगातार पार्टी नेता भी मतदान के प्रतिशत की जानकारी लेते रहे और पार्टी नेताओं की धड़कन लगातार घटती बढ़ती रही प्रत्याशियों का भाग्य कैद हो चुका है 97. 24% मतदाताओं ने चुनाव में मतदान किया है डीएम एसपी लगातार भ्रमणशील रहकर मतदान केंद्र की स्थित का जायजा लेते रहे शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया है।

# पेड़ से लटकती मिली बालिका की लाश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना क्षेत्र के कंबोडिया मंदिर के बगल में नाबालिक बालिका का शव पेड़ से लटकता मिला है खेत के पेड़ में शव लटकते की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गयी काफी प्रयास के बाद बालिका की शिनाख्त हो सकी है जिस तरह से बालिका की लाश लटक रही है आत्महत्या से इनकार किया जाता है। कौशाम्बी थाना से महज 500 मीटर दूरी पर कंबोडिया मंदिर के बगल में सतीरा नाला के पास एक नाबालिक बालिका का शव दुपट्टे से लटकता हुआ ग्रामीणों द्वारा देखा गया मौके पर थाना कौशाम्बी की पुलिस पहुँच कर शव को पेड़ से उतार कर लिया और अपने कब्जे में शव को लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी देर तक शव की शिनाख्त नही हो पाई काफी प्रयास के बाद मालूम हुआ कि मृतक बालिका प्रमिला निषाद पुत्री जगन्नाथ निषाद का शव है।



पेड़ से लटकता बालिका का शव

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



एमएलसी चुनाव में भ्रमण कर जायजा लेते डीएमएसपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में विधान परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों में अर्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों की तैनाती की है व मतदान को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए है। जिले में बनाये गए कुल 1197 में मतदाता मतदान करेंगे जिसमे से 645 पुरुष व 552 महिलाए चुनाव करेंगी जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने पुलिस बल के साथ सिराथू ब्लाक मूरतगंज ब्लाक चायल ब्लाक बारा ब्लाक सरसावा ब्लाक नेवादा ब्लाक के ईएमपीएस एएमआईआरएसए विद्यालय मंझनपुर ब्लाक के श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज पर स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया साथ ही वहां पर उपस्थित सुविधाओ की जांच कि व मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

# बिजली की शॉर्ट सर्किट से गृहस्थी हुई खाक

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ककोढा ग्राम पंचायत में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई है जिससे गृहस्वामी का नगदी अनाज व अन्य सामान जलकर खाक हो गया है ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव निवासी संतोष कुमार मालवीय पुत्र स्व. बंशीधर मालवीय के मकान के छप्पर में बिजली शार्ट सर्किट से आग लग गयी देखते-देखते तेज लपटों से उनका घर जलने लगा आग लगने की जानकारी मिलते ही बचाव के लिए आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए हैं काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाई आग लग जाने से उनकी गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया जिसमें घर में रक्खे 14800 रुपये नगद गेंहूँ चावल कपड़ा लगभग 55 हजार रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है मामले की सूचना परिजनों ने थाना पुलिस से ले कर तहसील प्रशासन को दी है अग्निकांड की घटना में ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने कड़ी मेहनत के बाद काबू पाया है।



अग्निकांड की घटना को दिखाता गृहस्वामी

# शॉर्ट सर्किट से गेंहू के खेतों में लगी आग

## आग से कई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख



खेत में लगी आग को बुझाते किसान

**कौशाम्बी।** जिले के सिराथू तहसील के झंडापुर गांव में बिजली की तार में हुए शार्ट सर्किट से अचानक गेंहू के खेत में आग लग गई,आग लगने से कई बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई,आग लगने की सूचना पर खेत पहुचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रहे,सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग को बुझाया लेकिन तब तक किसानो की गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी थी।जिससे किसानो को लाखो का नुकसान हुआ है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण



थाना का निरीक्षण करते आईजी जोन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा थाना कड़ाधाम थाना का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना परिसर कार्यालय महिला हेल्पडेक्स को चेक किया गया तथा अभिलेखों के रख रखाव व साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शनिवार को आईजी जोन प्रयागराज सिराथू सर्किल क्षेत्र के कड़ा धाम थाने पहुंचे और उन्होंने थाने का विधिवत निरीक्षण किया अभिलेखागार माल खाना आदि का उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को कानून का पाठ पढ़ाया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि योगी सरकार की मंशा के अनुसार आम जनता फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और आम जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही और पक्षपात नहीं बर्दाश्त किया जाएगा।

### स्मार्टफोन वितरण में भी पक्षपात का आरोप

**भरवारी कौशांबी।** योगी सरकार छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में सुविधा देने के उद्देश्य से स्मार्टफोन वितरण कर रही है लेकिन स्मार्टफोन वितरण में भी कॉलेज के जिम्मेदारों के पक्षपात पूर्ण रवैया उजागर होने लगा है जिससे छात्र छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है तमाम गलत लोगों का भी सूची में नाम शामिल किया जा रहा है और तमाम छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन से वंचित किया जा रहा है जिससे छात्र छात्राओं में निराशा दिखाई पड़ रही है। चायल तहसील के अंतर्गत महर्षि डिग्री कॉलेज भरवारी में योगी जी के योजना के अनुसार स्मार्टफोन का वितरण किया गया परंतु महर्षि डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओ को लगभग सैकड़ों बच्चों को ही जो बीए बीएससी वर्ग के थर्ड सेमेस्टर के छात्र छात्राएं हैं उनको स्मार्टफोन वितरित किया गया जबकि काफी संख्या में थर्ड सेमेस्टर के बीए बीएससी वाले ही छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ लेने से रह गए उनको स्मार्टफोन नही दिया गया कारण मैसेज ना आना वेरीफाई ना होना वितरण सूची में नाम ना होना आदि तमाम तरह की समस्याओं को बताकर कॉलेज वालों ने स्पष्ट रूप से बताया कॉलेज वालों ने कारण और नहीं बताया स्मार्टफोन ना मिल पाने से तमाम छात्र छात्राएं निराश दिखाई पड़ रहे है स्मार्टफोन वितरण में पक्षपात के मामले में किसको दोषी कहां जाए कॉलेज दोषी है या यूनिवर्सिटी दोषी है यह तो बड़ी जांच का विषय है कि स्कूल के छात्र-छात्राओं के स्मार्टफोन में भी कालेज द्वारा पक्षपात किया जा रहा है और योगी सरकार की योजना को पलीता लगाया जा रहा है।

# माता झारखंडी के दरबार में पूरी होती है मन्नत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत पूरब शरीरा गांव स्थित अति प्राचीन मां झारखंडी मंदिर की अलौकिक कथा है यहां प्रतापगढ़ प्रयागराज चित्रकूट बांदा महोबा के लोग आकर माथा टेक कर अपनी मनौती करते है जहां क्षेत्रीय लोग मनौती पूर्ण होने के बाद गाजे बाजे के साथ परिक्रमा करते हुए लोग आते हैं मां झारखंडी की अलौकिक मूर्ति भी अपने आप में क्षेत्र गैर जनपद में ओला छवि रखती है मंदिर की मान्यता है कि जब भी नए जोड़ो की शादी होती है तो प्रथम पूजन झारखंडी मंदिर में पूजन के साथ होती है संतान की पूर्ति भी मां झारखंडी करती है मंदिर प्रांगण में हमेशा भंडारा भी आयोजित रहता है मंदिर समिति की तरफ से हर दिन सुबह और शाम ढोल नगाड़ों के साथ भव्य आरती भी की जाती है इस दौरान आरती प्रमुख अवनीश द्विवेदी श्रीधर पांडे राघव पांडेय मलखान आदि दर्जनभर महिलाएं पुरुष मौजूद रहते हैं नवरात्रि के पर्व पर माता झारखंडी देवी का मंदिर कीर्तन भजन श्री गूंज रहा है मां के पूजन अर्चन दर्शन को लेकर भक्तों की अपार भीड़ लग रही है सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रहती है।



झारखंडी माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्ति गण

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध अलग अलग थानों द्वारा दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर 40 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता रमा देवी पत्नी रज्जन कुमार निवासी थाम्भा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजू पुत्र फकीर निवासी पिपरकुण्डी थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैं।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 01 थाना पश्चिम शरीरा से 02 थाना सराय अकिल से 02 थाना सैनी से 01 थाना कड़ाधाम से 03 कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।



खेल प्रतियोगिता में शामिल छात्र

### प्रदेश स्तरीय अंडर-18 प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशांबी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में व-18 प्रदेश स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन टी.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल मे प्रदेश स्तरीय अंडर-18 प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अप्रैल तक किया जा रहा है खेल के आज दूसरे दिन चार चक्र की समाप्ति के बाद खेल के परिणाम निम्न वत है बालिका वर्ग व18 पहले बोर्ड पर झांसी की पूर्वी ने प्रयागराज की संचिता यादव को दूसरे बोर्ड कानपुर की तन्या वर्मा ने प्रयागराज की दीपांजलि दत्त को तीसरे बोर्ड पर कानपुर की साक्षी वर्मा ने झांसी की कर्निका साहू को पराजित कर पांचवें राउंड में अपनी जगह बनाई चार चक्र की समाप्ति के बालक वर्ग में पहले बोर्ड कानपुर के श्रेष्ठ यादव ने गोरखपुर के अगस्त यादव को दूसरे बोर्ड शाहजहांपुर के आयुष सक्सेना ने कौशांबी के प्रियांशु श्रीवास्तव को तीसरे बोर्ड पर मेरठ के उज्ज्वल चौहान ने अयोध्या के अमरजीत यादव को पांचवें बोर्ड पर प्रयागराज के मयंक दत्त ने कौशांबी के आभास तिपाठी को हराया अंकित श्रीवास्तव को हराकर पांचवें चक्र में प्रवेश किया और प्रयागराज के शशांक त्रिपाठी के बीच मैच बराबरी पर रहा।

# रविवार से हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगेगा आरोग्य मेला

## निशुल्क होगी सभी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा लाभ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोविड-19 संक्रमण पर नियंत्रण पाने के साथ ही शासन ने एक बार फिर से ह्यमुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले को शुरू करने का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य से जनपद में इस रविवार यानि 10 अप्रैल से प्रत्येक रविवार को सभी नगरीय एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर ह्यमुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलाह्न आयोजन किया जाएगा । इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश अमित मोहन प्रसाद ने सभी आला अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के सी राय ने बताया कि कोविड की तीसरी लहर के दृष्टिगत देखते हुए जनवरी 2022 से सीएम आरोग्य मेला स्थगित कर दिया गया था जिसे 10 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। शासन से मिले निदेर्शानुसार आरोग्य मेले में कोविड-19 रोकथाम एवं नियंत्रण प्रोटोकॉल का अनुपालन निश्चित रूप से कराया जाएगा । प्रत्येक स्वास्थ्य मेले में कोविड हेल्प डेस्क अनिवार्य रूप से स्थापित की जाएगी। मेला परिसर में प्रवेश करने से पहले सभी की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके पश्चात मास्क एवं सेनिटाइजर की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. हिन्द प्रकाश मणि नोडल कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एक ही स्थान पर स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक सुविधा, जांच आदि के उद्देश्य से समस्त पीएचसी पर हर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं । उन्होने जनमानस से अपील की है कि अपने क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लें । मेला परिसर में शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए दो गज की दूरी व मास्क का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा।

### पीएचसी पर लगेगा आरोग्य मेला

**कौशाम्बी।** सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह मेला जनपद के सभी ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। हर रविवार को यह मेला चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किया जाएगा।

### मेले में मिलेंगी यह सुविधाएं

**कौशाम्बी।** मेले में आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श, संस्थागत प्रसव संबंधी जागरूकता, जन्म पंजीकरण परामर्श, नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवाएं, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी, बच्चों का नियमित टीकाकरण, परामर्श एवं सेवाएं, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श एवं सुविधाएं विशेषकर अंतरा–छाया आदि, टीबी, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग से संबन्धित जानकारी, आवश्यक जांच एवं उपचार की निःशुल्क सेवाए दी जाएंगी। मेले में कोविड–19 प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जायेगा।



कन्याओं को भोजन कराते जिला पंचायत सदस्य

# जिला पंचायत सदस्य ने आयोजित किया कन्या भोज

**कौशांबी।** चायल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता योगेश कुमार साहू द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़े स्तर पर कन्या भोज का आयोजन प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के दोनों पर्व पर आयोजित कराया जाता है उनका कहना है कि कन्या भोज और कन्या पूजन से मन को शांति मिलती है शनिवार को विशाल भंडारा आयोजित कर उन्होंने कन्या भोज का आयोजन किया है कन्या भोज के पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेश साहू द्वारा बालिकाओं की पूजा कर तिलक लगाया गया और उन्हें उपहार दिया गया चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा कुरई में सुबह से ही कन्या भोज का आयोजन शुरू हो गया जो दोपहर बाद तक लगातार चलता रहा कन्या भोज के आयोजन में हजारों कन्याओं ने भोजन किया है।

## संपादकीय

# भारत-अमेरीकी संबंध पर असर

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की महासभा ने रूस को अपनी मानव अधिकार परिषद से निकाल बाहर किया है। उसके 193 सदस्यों में से 93 सदस्यों ने रूस के निष्कासन के पक्ष में वोट दिया और 24 ने विरोध में। 58 सदस्य तटस्थ रहे, जिनमें भारत भी शामिल है। रूस के पहले सिर्फ लीब्या को इस परिषद से निकाला गया था लेकिन लीब्या रूस की तरह सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं था। रूस का निकाला जाना अपने आप में ऐतिहासिक घटना है। वैसे मानव अधिकारों के उल्लंघन में अमेरिका और चीन ने भी रिकार्ड कायम किए हैं लेकिन यूक्रेन में जिस तरह का नरसंहार चल रहा है, वैसा द्वितीय महायुद्ध के बाद कहीं देखा नहीं गया। दुनिया के कई देश, खासतौर से अमेरिका से जुड़े हुए उम्मीद कर रहे थे कि भारत कम से कम इस बार तटस्थ नहीं रहेगा। वह रूस के विरुद्ध वोट करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक बड़े अधिकारी ने कल-परसों यह भी कह दिया था कि देखें कि मानव अधिकार परिषद में भारत का वोट किधर पड़ता है। उसे रूस का विरोध करना ही चाहिए। यदि अब वह तटस्थ रहता है तो उसका असर भारत-अमेरीकी संबंध पर जरूर पड़ेगा। भारत ने अन्य दर्जन भर मतदानों की तरह इस मतदान में भी तटस्थता बनाए रखी लेकिन कोई यह नहीं कह सकता कि यूक्रेन के नरसंहार पर उसने आंख मींच रखी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों तथा भारतीय संसद में भी भारत सरकार कई बार कह चुकी है कि वह यूक्रेन में युद्ध बिल्कुल नहीं चाहती। वह हिंसा और दबाव के बजाय बातचीत से सारे मामले को शांतिपूर्वक हल करवाना चाहती है। वास्तव में बूचा में हुए नरसंहार की उसने जांच की मांग की है। ऐसी मांग करनेवाला भारत पहला राष्ट्र है। संयुक्तराष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने यूक्रेन में चल रहे रक्तपात पर गहरा दुख भी व्यक्त किया है। असलियत तो यह है कि अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्र यूक्रेन पर शुद्ध जबानी जमा-खर्च कर रहे हैं। उसकी वे खुलकर सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं कर रहे हैं। इसके कारण रूस का क्रोध प्रतिदिन उग्र होता जा रहा है। यदि ये पश्चिमी राष्ट्र यूक्रेन को पानी पर नहीं चढ़ाते तो रूसी आक्रमण की ये नौबत ही क्यों आती? रूस के विरुद्ध इन प्रस्तावों और मतदानों का पूतिन पर क्या असर पड़ रहा है? कुछ नहीं! यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की ने ठीक ही कहा है कि संयुक्तराष्ट्र संघ अगर कुछ नहीं कर सकता तो उसे भंग क्यों नहीं कर दिया जाना चाहिए? उन्होंने नाटो और अमेरिका की अकर्मण्यता को भी जमकर रेखांकित किया है।

इस समय भारत का रवैया अत्यंत व्यावहारिक और तर्कसंगत है लेकिन वह अत्यंत सीमित है। उसके अफसर यद्यपि जो कुछ बोल रहे हैं, ठीक बोल रहे हैं लेकिन उनसे ये आशा करना उचित नहीं है कि वे पुतिन और जेलेंस्की के बीच मध्यस्थता कर सकते हैं या उनके बयानों का इन दोनों नेताओं पर कोई असर पड़ सकता है। यह भारत के लिए पहल का एकदम सही मौका है। बाइडन और पुतिन, दोनों के साथ भारत का बराबरी का संबंध है। यदि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहल करें तो निश्चय ही बाइडन, पुतिन और जेलेंस्की उनकी बात सुनेंगे, क्योंकि इस मामले में भारत का अपना कोई स्वार्थ नहीं है।

# अंग्रेजी नहीं, हिन्दी हो सम्पर्क भाषा

ललित गर्ग

> वर्तमान समय में हिन्दी एवं मातृभाषाओं का महत्व एवं उपयोग अधिक प्रासंगिक हुआ है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि एवं स्व-पहचान के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। नई शिक्षा नीति ने इस बात को गंभीरता से स्वीकारा है, निश्चित ही यह भारत को एक ज्ञानमय समाज में रूपांतरित करने वाली सफल योजना साबित होगी।

**केन्द्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने सशक्त भारत-निर्माण के लिए भारतीय भाषाओं के प्रयोग की प्रासंगिकता व्यक्त करते हुए कहा कि जब अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले राज्यों के लोग आपस में बातचीत करें तो उन्हें अंग्रेजी के बजाय हिन्दी को या देश की ही किसी अन्य भाषा को इसका माध्यम बनाना चाहिए। निश्चित ही बातचीत एवं व्यवहार की भाषा के रूप में हिन्दी या अन्य भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने से राष्ट्रीय विकास के नए क्षितिज खुलेंगे, नवाचार के नए-नए आयाम उभरेंगे। भारतीय भाषाओं में बातचीत, व्यवहार, चिंतन एवं शिक्षण से सृजनात्मक एवं स्व-पहचान की दिशाएं उद्घाटित होगी। वास्तव में स्व-भाषाएं विचारों, विचारधाराओं, कल्पनाओं और अपने व्यापक सामाजिक-राष्ट्रीय दर्शन की स्पष्टता का माध्यम बनती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करते हुए मातृभाषा एवं क्षेत्रिय भाषाओं को प्रतिष्ठापित करने का अनूठा उपक्रम किया जा रहा है। इसको लेकर देश में मातृभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने एवं इन्हीं भाषाओं में उच्च शिक्षा दिये जाने एवं राजकाज में उनका उपयोग किये जाने की स्थितियां निर्मित होने लगी है, जो एक शुभ-संकेत है, आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए स्वभाषा का सम्मान का अनूठा उपक्रम है। अब हिन्दी को राजभाषा ही नहीं बल्कि राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठापित किये जाने की अपेक्षा है।



हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। राजभाषा का शाब्दिक अर्थ होता है राजकाज की भाषा। अतः वह भाषा जो देश के राजकीय कार्यों के लिए प्रयोग की जाती है ह्नराजभाषाह्न कहलाती है। राजभाषा किसी देश या राज्य की मुख्य आधिकारिक भाषा होती है जो समस्त राजकीय तथा प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रयुक्त होती है। राजाओं और नवाबों के जमाने में इसे दरबारी भाषा भी कहा जाता था। हिंदी के विकास के लिए राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो, लेकिन विडम्बना है कि आज भी अधिकांश सरकारी कार्य अंग्रेजी में ही होते हैं एवं न्यायालयों में तो अंग्रेजी का ही वर्चस्व कायम है।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः तीसरी सर्वाधिक प्रयोग में आने वाली सबसे सशक्त वैज्ञानिक भाषा है। जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी को बहुत से लोग राष्ट्रभाषा के रूप में देखते हैं। राष्ट्रभाषा से अभिप्राय है किसी राष्ट्र की सर्वमान्य भाषा। क्या हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है? यद्यपि हिंदी का व्यवहार संपूर्ण भारतवर्ष में होता है, लेकिन हिंदी भाषा को भारतीय संविधान में राष्ट्रभाषा नहीं कहा गया है। चूँकि भारतवर्ष सांस्कृतिक, भौगोलिक और भाषाई दृष्टि से विविधताओं का देश है। इस राष्ट्र में किसी एक भाषा का बहुमत से सर्वमान्य होना निश्चित नहीं है इसलिए भारतीय संविधान में देश की चुनिंदा भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में रखा है। शुरू में इनकी संख्या 16 थी, जो आज बढ़ कर 22 हो गई हैं। ये सब भाषाएँ भारत की अधिकृत भाषाएँ हैं, जिनमें भारत देश की सरकारों का काम होता है। भारतीय मुद्रा नोट पर 16 भाषाओं में नोट का मूल्य अंकित रहता है और भारत सरकार इन सभी भाषाओं के विकास के लिए संविधान अनुसार प्रतिबद्ध है।

वर्तमान समय में हिन्दी एवं मातृभाषाओं का महत्व एवं उपयोग अधिक प्रासंगिक हुआ है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि एवं स्व-पहचान के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। नई शिक्षा नीति ने इस बात को गंभीरता से स्वीकारा है, निश्चित ही यह भारत को एक ज्ञानमय समाज में रूपांतरित करने वाली सफल योजना साबित होगी। हमारे पास आज दुनिया तक पहुंचने का शानदार सु-अवसर है जो अब से पहले शायद कभी नहीं था। हमारे पास आज ऐसा नेतृत्व है, जो इन तमाम बदलावों को साकार करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हमें सिर्फ सकारात्मक प्रयासों के साथ सही दिशा में बढ़ने एवं मातृभाषा एवं स्वभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। हमारा देश दुनिया का सबसे युवा देश है। अपनी इस युवा जनशक्ति का सदुपयोग कर हम महाशक्ति बनने की दिशा में सार्थक हस्तक्षेप कर सकते हैं। अपने युवाओं को नये कौशलों और नये ज्ञान से लैस कर दुनिया में परचम लहरा सकते हैं। जिसमें स्वभाषा, स्व-संस्कृति एवं स्व-पहचान की सार्थक भूमिका है। भारत सुपर पावर बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। इस महान उद्देश्य को पाने की दिशा में विज्ञान, तकनीक और अकादमिक क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान करने के अभियान को तीव्रता प्रदान करने के साथ मातृभाषाओं एवं हिन्दी में शिक्षण एवं राजकाज में उपयोग को प्राथमिकता देना होगा। हिन्दी एवं मातृभाषाओं के प्रति प्रतिबद्धता के साथ नए भारत के निर्माण का आधार प्रस्तुत करना होगा, इससे नव-सृजन और नवाचारों के जरिए समाज एवं राष्ट्र में नए प्रतिमान उभरेंगें। हिन्दी एवं मातृभाषाएं सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक हिन्दी एवं मातृभाषाओं को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को सरकारी कामकाज, स्कूलों, कॉलेजों, तकनीकी शिक्षा में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए, इस दिशा में वर्तमान सरकार के प्रयास उल्लेखनीय एवं सराहनीय है, लेकिन उनमें तीव्र गति दिये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि इस दृष्टि से महात्मा गांधी की अन्तर्वेदना को समझना होगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें। लगभग पचहतर वर्षों के आजाद भारत में भी पूर्व सरकारों की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं को उनका गरिमापूर्ण स्थान न दिला सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है।

**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।**
**बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को शूल।**

प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की ये पंक्तियां निश्चित रूप से यह बोध कराने के लिए पर्याप्त हैं कि अपनी भाषा के माध्यम से हम किसी भी समस्या का समाधान खोज सकते हैं। निज भाषा देश की उन्नति का मूल होता है। निज भाषा को नकारना अपनी संस्कृति को विस्मरण करना है। जिसे अपनी भाषा पर गौरव का बोध नहीं होता, वह निश्चित ही अपनी जड़ों से कट जाता है और जो जड़ों से कट गया उसका अंत हो जाता है। शिक्षा एवं सरकारी कामकाज में हिन्दी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की घोर उपेक्षा होती रही है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति को नरेन्द्र मोदी सरकार कुछ ठोस संकल्पों एवं अनूठे प्रयोगों से दूर करने के लिये प्रतिबद्ध है, उनको मूल्यवान अधिमान दिया जा रहा है। ऐसा होना हमारी सांस्कृतिक परतंत्रता से मुक्ति का एक नया इतिहास होगा।

# देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर 1000 साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं। लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चैहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था।

माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवन शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है। एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे । औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी। माता की शक्ति को जानकर मुगल बादशाह ने जीण माता मन्दिर में शुद्ध खालिस सोने की बनी मूर्ति भेंट की। औरंगजेब ने भी सवामन तेल का दीपक अखंड ज्योति के रूप में मंदिर में स्थापित किया जो आज तक प्रज्वलित है।

## अभिव्यक्ति

# पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे

**डॉ. वंदना सेन**

**प्रायः** कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मर्यादा पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वनगमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भागदौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है। पूरे विश्व में भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है, जब हम भारत को राष्ट्र बोलते हैं, तब हमें इस बात का बोध होना ही चाहिए कि राष्ट्र आखिर होता क्या है? हम इसका अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि राष्ट्र की एक संस्कृति होती है, एक साहित्यिक अवधारणा होती है।

# आयुर्वेदिक तरीका रोगी को चंगा करने के लिए सबसे अच्छा तरीका

**प्रियंका**

**आयुर्वेद** में प्राकृतिक उपचार की हजारों वर्षों की परंपरा का मिश्रण है। आयुर्वेदिक चिकित्सा यानी घरेलू उपचार दुनिया की सबसे पुराना चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। आयुर्वेदिक तरीका रोगी को चंगा करने के लिए सबसे अच्छा तरीका है, प्राकृतिक चिकित्सा में उपचार की तुलना में स्वास्थ्यवर्धन पर अधिक महत्व दिया जाता है। प्राकृतिक चिकित्सा स्वस्थ जीवन जीने की एक कला विज्ञान है। कोविद-19 महामारी के दौरान प्राकृतिक उपचार का ज्ञान पूरे विश्व में लाइमलाइट में आया है। इसलिए विशेष रूप से विश्व बाजार में प्राकृतिक उपचार की मांग को पूरा करने के लिए आयुर्वेद को अच्छे तरीके से दुनिया के सामने रखने और सही जानकारी से पूर्ण करने की आवश्यकता है, प्राकृतिक चिकित्सा में कृत्रिम औषधियों का प्रयोग वर्जित माना जाता है। प्राकृतिक चिकित्सा में विषैली औषधियों को शरीर के लिये अनावश्यक ही नहीं घातक भी समझा जाता है। प्रकृति चिकित्सक है दवा नहीं। औषधि का काम रोग छुड़ाना नहीं है बल्कि यह वह सामग्री है जो प्रकृति के द्वारा मरम्त के काम में लगाई जाती है। इस लिये प्राकृतिक चिकित्सा में सप्राण खाद्य सामग्री ही औषधि हैं। बदलते हालत में फर्जी कम्पनिया आज आयुर्वेद के नाम पर अपना कूड़ा-कर्कट लेकर बाजार में उतर गई है, जो आयुर्वेद के इतिहास को बदनाम कर रहे हैं, हमें इन सबसे बचने के जल्दी ही नए तरिके ढूंढने होंगे ताकि भारत की ये प्राचीन शिक्षा पद्धति अपने वर्चस्व को बनाये रखे। आधुनिक सोच वैकल्पिक चिकित्सा खोज रही है। और यह अच्छा है, भारत पारंपरिक हर्बल दवाओं के निमार्ता और निर्यातक के रूप में बहुत कुछ हासिल करने के लिए दुनिया की पहली पसंद के तौर पर खड़ा है। प्राकृतिक उपचार, पारंपरिक और वैकल्पिक दवाओं और जड़ी बूटियों के साथ दुनिया का बढ़ता आकर्षण भारत के लिए अच्छा है। अब ये देश भर के किसानों और कंपनियों के लिए आय का एक बड़ा स्त्रोत प्रदान बन सकते हैं। भारत में उत्पादित हर्बल दवाओं की बहुत कम मात्रा में निर्यात किया जाता है, क्योंकि वे आयात करने वाले देशों द्वारा आवश्यक नियामक मानकों को पूरा नहीं करते हैं। फिर भी अपने मौजूदा स्तर पर, थोड़ा निर्यात के साथ, अनुमान है कि आयुर्वेद भारत में 30,000 करोड़ रुपये का उद्योग है। हाल के कोरोनिल ह्नविवाद ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को आयुर्वेद के उपयोग को प्रोत्साहित करने में भूमिका निभानी होगी। आयुर्वेद भारत के लिए आय और निर्यात का एक बड़ा स्त्रोत हैं, हमें सफल होने के लिए एक आधुनिक नियामक प्रणाली की आवश्यकता होगी। आयुर्वेदिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करना और इन दवाओं की प्रभावकारिता के बारे में दावों की सच्चाई की जाँच करना अहम कार्य है। अन्यथा आयुर्वेदिक दवाएं स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकती हैं। ये खतरे मुख्य रूप से कई कारणों से उत्पन्न होते हैं, जैसे कि सभी पौधे खपत के लिए सुरक्षित नहीं हैं, राख और गैर-पौधे सामग्री का उपयोग, एलोपैथिक दवाओं का इलीगल प्रयोग वगैरह। कुछ फर्जी कम्पनिया आयुर्वेदिक दवा निर्माण में खतरनाक धातुओं को गैर कानूनी प्रयोग करती है। हाल ही में, अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने कुछ आयुर्वेदिक दवाओं के उपयोग के खिलाफ चेतावनी दी थी क्योंकि उन्होंने आयुर्वेद के नाम पर एक दवा को लेड के खतरनाक स्तर से युक्त पाया। ये सब बेईमान दवा निमार्ता करते हैं। ये आयुर्वेदिक दवाओं में आमतौर पर स्टेरॉयड दवाओं को मिलाते हैं। कुछ स्टेरॉयड (ज्यादातर कॉर्टिकोस्टेरॉइड) परिसंचरण और सतर्कता में सुधार करके रोग कल्याण की झूठी भावना देते हैं। ऐसी दवाएं संक्रमण की तरह है, वे अंतर्निहित बीमारी को तेज कर सकते हैं, लेकिन रोगी आयुर्वेद के नाम पर स्टेरॉयड लेता है, वह बेहतर महसूस करता है और इसे दवा के रूप में अपनाता है। मुम्बई के किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल के एक अध्ययन में पाया गया कि लगभग 40% आयुर्वेदिक दवाओं में स्टेरॉयड शामिल हैं। जहरीले पौधों का अनियंत्रित उपयोग, भारी धातुओं की उपस्थिति, और एकमुश्त धोखाधड़ी (स्टेरॉयड जोड़ना) भारतीय चिकित्सा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है।

# अब बचा ही क्या धरती में जो उसमें से निचोड़ोगे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**समाचार** पत्र के पहले पन्ने पर छपा था - समुद्री लहरों से बिजली उत्पादन, हुआ फलाँ देश से करार। पढ़कर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। अब धरती के भीतर बचा ही क्या है? खुदाई पर खुदाई करते जायेंगे तो खुदा की खुदाई शर्माएगी नहीं तो क्या ब्रेक डैंस करेगी? वह तो बच्चे हैं जो गुब्बारे में हवा भरकर धरती को फुलाए रखे हैं! पेट्रोल के चक्कर में इंसान पे के साथ-साथ टे-टे करते-करते इतना ट्रोल हो रहा है कि पूछो मत। बहुत जल्द डीजल का नाम बदलकर दिल जल करने का प्रस्ताव संसद में जारी होने वाला है। मिट्टी का तेल तो कब का निकल चुका। अब बचा ही क्या धरती में जो उसमें से निचोड़ोगे। ईंधन के बिना जानवर जी सकते हैं, इंसान कतई नहीं। यहाँ खिसकन, घिसकन के लिए भी इंसान ईंधन मांगता है। पंचतत्व में विलीन होने से पहले इंसान पंचतत्व की बैंड बजाकर छोड़ता है। ईंधन की भूख ने पंचतत्वों को कहीं का नहीं छोड़ा। वायु, अग्नि, धरा, गगन, जल में से जो मिला, जैसे मिला, जहाँ मिला उसका जैसे चाहा तैसे, जब चाहा तब खूब इस्तेमाल किया। थोड़ी देर के लिए दोस्त की बाइक मिल जाए तो जो कुटाई होती है, वही हालत पंचतत्वों की है। तत्व तो कब के हवा हो गए अब तो केवल इंसानों के लिए पंच बचा है। वैज्ञानिकों ने बहुत पहले कह रखा था कि हिलने-डुलने और हर सड़ने वाली चीज से ऊर्जा पैदा की जा सकती है। विश्वास न हो तो इंसान को ही ले लो। यह जितना हिलता-डुलता और सड़ता है उतना ही उत्पात मचाकर छोड़ता है। समुद्री लहरों से बिजली पैदा हो न हो इंसानी धड़कनों से जरूर पैदा हो सकती है।

सड़ते अंधविश्वासों से अविश्वसनीय बिजली का महारूप तैयार किया जा सकता है। नेताओं की लंबी-लंबी फेंकने से भी ईंधन का विकराल रूप प्रकट हो सकता है। अब तो रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया हर जगह इन्हीं फेंकुओं की धूम है।

## केरल ब्लास्टर्स ने कोच वुकोमानोविच का अनुबंध तीन साल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केरल ब्लास्टर्स ने टीम को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के फाइनल में पहुंचाने वाले अपने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविच का अनुबंध तीन साल के लिये बढ़ा दिया है। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी कोच का अनुबंध इतनी लंबी अवधि के लिये बढ़ाया गया।

वुकोमानोविच की अगुवाई में केरल ब्लास्टर्स ने 2016 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रहा था। इससे पहले सत्र में टीम अंतिम स्थान पर रही थी। वुकोमानोविच ने इसके बाद ही टीम की कमान संभाली और अब वह 2024-25 सत्र तक अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले आईएसएल में किसी भी कोच का अनुबंध एक साल के लिये बढ़ाने का चलन था। केरल ब्लास्टर्स ने 2014 से लेकर वुकोमानोविच के पद संभालने तक 11 कोच आजमाये थे जिनमें आठ स्थायी और तीन अंतरिम कोच थे।

## राष्ट्रीय पुरुष हॉकी के पहले दिन चंडीगढ़, झारखंड, बंगाल, पुदुचेरी जीते

**भोपाल।** चंडीगढ़, झारखंड, बंगाल और पुदुचेरी ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन यहां अपने-अपने मैच जीते। दिन के पहले पूल मैच में चंडीगढ़ ने जम्मू-कश्मीर को 9-2 से पराजित किया। झारखंड ने दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव की संयुक्त टीम को 7-2 से शिकस्त दी। बंगाल ने एक अन्य पूल मैच में गुजरात को 10-0 से जबकि पुदुचेरी ने दिन के आखिरी मैच में अरुणाचल प्रदेश को 11-0 से हराया।

## अल्पाइन स्की रेसर Lindsey von लॉरियस पुरस्कार समारोह की करेंगी मेजबानी

**सेविले।** अमरीका की पूर्व विश्व कप अल्पाइन स्की रेसर लिंडसे वॉन 24 अप्रैल को स्पेन के मनमोहक शहर सेविले में 2022 लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेंगी। 2000 में पहली बार आयोजित लॉरियस सभी खेलों में व्यक्तियों और टीमों की




उपलब्धियों का जश्न मनाता है। विजेताओं का चयन लॉरियस विश्व खेल अकादमी के 71 सदस्यों के वोट द्वारा किया जाता है। कोरोना वायरस महामारी से बने अस्थिर माहौल के कारण विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा वर्चुअल तरीके से की जाएगी। दुनिया के प्रमुख खेल पत्रकारों और प्रसारकों के 1200 से अधिक के पैनल द्वारा चुने गए नामांकित खिलाड़ियों में नीरज चोपड़ा, टॉम ब्रैडी, रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, मैक्स वेरस्टैपेन, एलेन थॉम्पसन-हेरा, एम्मा मैककेन, एम्मा राडुकानु, पेड्रि, सिमो बाइल्स, स्काई ब्राउन, मार्क कैवेंडिश, टॉम डेली, मार्क माकेर्ज, डाइडे डी ग्रोट, मार्सेल हग, कैरिसा मूर और मोमीजी निशिया शामिल हैं।

इसके अलावा लॉरियस टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए 3 फुटबॉल टीमों को नामांकित किया गया है। इसमें यूरोपीय चैंपियनशिप विजेता इटली, कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना और चैंपियंस लीग विजेता बार्सिलोना महिला फुटबॉल टीम शामिल है।

## राजस्थान की टीम को लगा झटका, आलराउंडर नाथन कुल्टर नाइल चोट के कारण हुए आइपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** राजस्थान रायल्स की टीम को चौथे मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। दरअसल टीम के आलराउंडर नाथन कुल्टर नाइल चोट के कारण पूरे आइपीएल सीजन से बाहर हो गए हैं। इस बात की जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से एक वीडियो पोस्ट के जरिए दी गई। टीम के फिजियो जान ग्लोस्टर ने जानकारी साझा करते हुए कहा 'मुझे खुशी हुई थी जब पहली बार वे बबल के बाद टीम से जुड़े थे। दुर्भाग्यवश मुझे उन्हें विदा करने का कठिन काम मिला है। किसी को खोना हमेशा कठिन होता है, खासकर जब वह चोट के कारण हो÷हम इस टूर्नामेंट में आपके साथ समय बिताना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं होने जा रहा है। वे हमें छोड़ कर जा रहे हैं लेकिन जो टीम के प्रति उनका योगदान बड़ा है। 'हमने आपसे कई चीजें सीखी तो आपकी यात्रा मंगलमय हो और यदि किसी चीज की जरुरत हो तो हम हमेशा यहां मौजूद हैं' आपको बता दें कि कुल्टर नाइल को राजस्थान की टीम ने मेगा आक्शन के दौरान 2 करोड़ की कीमत पर खरीदा था।

# नाकामुरा को हराकर वेसली सो ने जीता बर्लिन ग्रां प्री शतरंज का खिताब

**बर्लिन।** फीडे ग्रां प्री श्रृंखला के अंतिम टूर्नामेंट बर्लिन ग्रां प्री का समापन यूएसए के वेसली सो के विजेता बनने के साथ हो गया ,फाइनल टाईब्रेकर मैच में, वेसली नें हमवतन हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 के स्कोर से पराजित करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया । हालांकि इस खिताब के बाद भी वेसली फीडे कैंडिडेट्स के लिए चयनित नहीं हो पाये है हालांकि किसी खिलाड़ी के हटने की स्थिति मे उन्हे स्थान दिया जा सकता है । वहीं फाइनल मैच में हार के बावजूद, हिकारू नाकामुरा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2022 के लिए अपनी जगह पहले ही तय कर ली थी और वह 23 अंको के साथ ग्रां प्री सीरीज़ 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे । हंगरी के




रिचर्ड रैपोर्ट20 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्होंने भी औपचारिक तौर पर कैंडिडेट्स में अपना स्थान बना लिया , जबकि वेस्ली सो ने सीरीज में तीसरा स्थान हासिल किया।

वेसली और नाकामुरा के बीच पहले टाईब्रेकर गेम में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए हिकारू ने बिशप ओपनिंग खेली और वेसली को पूरी तरह से चौंका दिया था और एक समय वह जीतते नजर आ रहे थे पर वेसली बचाव करने में कामयाब रहे और 56 चालों में मैच बराबरी पर खत्म हुआ। दूसरे मैच में, वेसली सफ़ेद मोहरो से खेल रहे और राय लोपेज बर्लिन डिफेंस खेला गया और वेसली शुरुआत से ही बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे पर जीत दूर थी पर जैसे ही खेली की 32 वीं चाल में हिकारू ने 32...c6 की एक भयानक गलती की और वेसली बहुत अच्छी स्थिति में आ गए और 65 चालों में नाकामुरा नें हार स्वीकार कर ली ।

## सुपरचार्जर्स ने ड्वेन ब्रावो और वहाब रियाज को टीम में किया शामिल



**लीड्स।** नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने 'द हंड्रेड' क्रिकेट टूर्नामेंट के ड्राफ्ट में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वहाब रियाज और वेस्ट इंडीज के स्टार ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को साइन किया। ब्रावो और वहाब नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में बेन स्टोक्स, फाफ डु प्लेसिस और आदिल राशिद के साथ शामिल हो गए हैं। इस बीच नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने इंग्लैंड की अनुभवी गेंदबाज जेनी गन को साइन कर अपनी महिला टीम को भी मजबूत किया है। पांच बार की एशेज विजेता, विश्व कप चैंपियन और 100 टी-20 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी के रूप में गन टीम के लिए अनुभव का खजाना लेकर आएंगी और अपने घरेलू स्थल पर खेलने के लिए लौटेंगी।

# भारत के चार मुक्केबाज थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज आशीष कुमार, गोविंद साहनी, वरिंदर सिंह और मोनिका ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में जीत के साथ बुधवार को थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की की। पिछले सत्र में 75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले आशीष ने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए 81 किग्रा के सेमीफाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के मखायल रॉबर्ट मुस्किता पर 5-0 से आसान जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

पुरुषों के 48 किग्रा वर्ग में गोविंद को वियतनाम के गुयेन लिन फुंग के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इस मुकाबले में दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे पर कई प्रहार किये लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। पुरुषों के 60 किग्रा सेमीफाइनल में वरिंदर को फिलिस्तीन के अब्देल रहमान अबुनाब ने वाकओवर दिया।

महिलाओं में पिछले दौर में दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता जोसी गैबुको को हराने



वाली 26 वर्षीय मोनिका ने सेमीफाइनल में वियतनाम की ट्रान थी दीम कीउ को आसानी से मात देकर 48 किग्रा के फाइनल में जगह बनायी। इस बीच दिन में पहले खेले गए मुकाबलों में पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में अमित पंघाल ने जीत दर्ज की, जबकि रोहित मोर (57 किग्रा) थाईलैंड के रुजाक्रान जुंट्रोंग से 0-5 से हार गए। विश्व चैंपियनशिप (2019) में रजत पदक विजेता पंघाल ने पुरुषों के 52 किग्रा में सर्वसम्मति निर्णय से थाईलैंड के थानाकोन अयोन्याम के खिलाफ आसान जीत हासिल की। भाग्यवती कचारी ने भी थाईलैंड की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी पोर्ननिपा चुटी को 5-0 से हराकर महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## महिला FIH हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए भुवनेश्वर पहुंची नीदरलैंड की टीम

**भुवनेश्व।** स्नीदरलैंड महिला हॉकी टीम भारत के खिलाफ 2021-22 महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंच गई, जो आठ और नौ अप्रैल को प्रतिष्ठित कलिंग हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यिब्बी जानसेन की अगुवाई वाली नीदरलैंड की टीम ने कलिंग स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलने पर खुशी जाहिर की है।

जानसेन ने एक बयान में कहा कि हम यहां भारत में आने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम इस खास अनुभव के लिए तैयार हैं। हमारा प्यार भरे तरीके से स्वागत किया गया। नीदरलैंड के कोच जोस्ट बिटरलिंग ने इस बारे में कहा कि हम सच में यहां खेलने के लिए उत्सुक हैं, खासकर इस टीम के साथ। उम्मीद है कि हम प्रशंसकों और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए दो अच्छे मैच खेलेंगे। दुनिया की नंबर एक महिला हॉकी टीम नीदरलेंड फिलहाल 2021-22 महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पूल टेबल छह मैचों में 17 अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक पांच सीधी जीत और एक मैच



पेनल्टी शूटआउट में जीता है। कप्तान जानसेन ने प्रो लीग में टीम के अब तक प्रदर्शन के बारे में कहा कि हम सभी विभिन्न देशों के खिलाफ इन सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को खेलकर बहुत खुश हैं। हमारा प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। हम अपने खेल से खुश हैं। ओलंपिक में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हाल के मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है और हम इस टीम के साथ खेलने के लिए उत्सुक हैं।

कोच बिटरलिंग ने भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम की तैयारियों के बारे में कहा कि मैं अपनी तैयारी से सच में खुश हूं। हमारी टीम में कुछ युवा लड़कियां हैं। उन्होंने पिछले दो हफ्तों में एक साथ प्रशिक्षण लिया है और कल हम इसे जोड़ देंगे और उम्मीद है कि हम भारत के लिए एक मजबूत योजना बनाएंगे और उन्हें उनके घर पर हराने की कोशिश करेंगे।

## बेटी ओलंपिया के साथ मैचिंग Pink Dress में दिखी सेरेना विलियम्स

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने बेटी ओलंपिया के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। तस्वीर में सात बार की विंबलडन चैम्पियन सेरेना ने बेटी ओलंपिया की तरह मैचिंग पिंक ड्रेस पहनी हुई है। क्यूट फैक्टर को जोडने के लिए इस जोड़ी ने अपने बालों को मैचिंग मोहॉक स्टाइल में पहना था। बता दें कि सेरेना के पिता पर ही हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ ने किंग रिचर्ड फिल्म बनाई थी जिसे ऑस्कर में बड़ा पुरस्कार मिला। हालांकि ऑस्कर अवॉर्ड्स में स्मिथ स्टेज एंकर क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने के कारण सुर्खियां में आ गए। लेकिन इस दौरान वह



किंग रिचर्ड फिल्म पर बात करते हुए भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा- यह मेरे लिए एक पुरस्कार जीतने के बारे में नहीं है, यह सभी



लोगों पर प्रकाश डालने में सक्षम होने के बारे में है। यह किंग रिचर्ड, वीनस और सेरेना और पूरे विलियम्स परिवार के बारे में सबको बताने के लिए था।

## विश्व कप के बाद एक बार फिर नीदरलैंड की टीम से जुड़ेंगे कोमैन

**एम्सटर्डम।** बार्सीलोना के साथ निराशाजनक कार्यकाल के बाद रोनाल्ड कोमैन विश्व कप के बाद एक बार फिर नीदरलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से जुड़ेंगे। विश्व कप में नीदरलैंड की टीम लुई वान गाल के मार्गदर्शन में उतरेगी लेकिन यह कोच पहले ही कह चुका है कि 18 दिसंबर को कतर में समाप्त होने वाले टूर्नामेंट के बाद वह टीम के साथ नहीं रहेंगे। इसके कारण डच सॉकर महासंघ ने एक बार फिर कोमैन को टीम के साथ जोड़ने का फैसला किया है। कोमैन दो साल से भी कम समय पहले नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम को छोड़कर स्पेन के क्लब बार्सीलोना से जुड़े थे जहां उन्होंने खिलाड़ी के रूप में कई ट्रॉफियां जीती थी। लगातार खराब नतीजों के बाद कोमैन को



अक्टूबर में बर्खास्त कर दिया गया। डच महासंघ के निदेशक मारियेन वान ल्युवेन ने कहा, 'कोच के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान हम उनके काम और नतीजों को लेकर खुश थे।

# तीन खिलाड़ियों को किया गया ICC महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित, एक भी भारतीय शामिल नहीं

**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रेथवेट और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को मार्च में उनके शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन के बाद आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है। महिला वर्ग में हाल ही संपन्न हुए विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड की गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन, ऑस्ट्रेलिया की रन-मशीन राचेल हेन्स और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट पुरस्कार हासिल करने की दौड़ में हैं। विजेताओं की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया।उन्होंने इस महीने टेस्ट में 390 रन बनाए, जिसमें दूसरे टेस्ट में रिकॉर्ड तोड़ 196 की पारी भी शामिल है। उनकी इस पारी से पाकिस्तान मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा। उन्होंने मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो



एकदिवसीय मैचों में 57 और 114 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी। दूसरे एकदिवसीय में उनकी शतकीय पारी से पाकिस्तान ने 349 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। वह दूसरी बार इस पुरस्कार के लिए नामित हुए है और अप्रैल 2021 में इस खिताब को जीत चुके है। वेस्टइंडीज के कप्तान और सलामी बल्लेबाज ब्रेथवेट ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई सफल डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) श्रृंखला के दौरान 85.25 की औसत से 341 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में कड़े स्कोर के जवाब में 489 गेंदों में 160 रन बनाकर मैच ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी।कमिंस ने पाकिस्तान में डब्ल्यूटीसी टेस्ट श्रृंखला के दौरान प्रतिकूल परिस्थितियों में अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 23 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम की जीत पक्की की। तीन मैचों की श्रृंखला में 22.50 की औसत से 12 विकेट लेने के कारण वह पहली बार इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए है। महिलाओं की श्रेणी में, एक्लेस्टोन को उनकी उत्कृष्ट गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद दूसरी बार नामांकित किया गया। उन्होंने अपनी टीम को विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। इस महीने उन्होंने 12.85 की औसत से 20 विकेट लिए। इस विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया को अजेय रखने में हेन्स ने बड़ी भूमिका निभाई।

उन्होंने इस दौरान आठ मैचों में 61.28 की औसत और 84.28 की शानदार स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाए। वोल्वार्ड्ट के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। वह टूर्नामेंट के दौरान सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल है। उन्होंने पांच अर्धशतक की मदद से 433 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 54.12 का रहा।

## रिषभ पंत ने बताया उनके करियर का सबसे खराब दौर कौन सा था

**मुंबई।** रिषभ पंत ने बेहद कम वक्त में टीम इंडिया में अपनी जगह अपने प्रदर्शन के दम पर पुख्ता कर ली है और वो बेहद सफल हैं। हालांकि कुछ वक्त पहले उनका प्रदर्शन काफी खराब हो गया था और टीम में उनकी जगह पर भी सवाल उठने लगे थे, लेकिन आस्ट्रेलिया दौरे पर मिले मौके को उन्होंने भुनाया और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब रिषभ पंत ने बताया कि 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट था क्योंकि उनकी बदौलत भारत एक मैच ड्रा कराने और दूसरा जीतने में सफल रहा जबकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दर्द निवारक इंजेक्शन लगाकर खेल रहा था।चौबीस साल के पंत ने सिडनी और ब्रिसबेन में अंतिम दो टेस्ट में अपनी दो शानदार पारियां खेली जिससे चोटों से जूझ रही भारतीय टीम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज जीतने में सफल रही। हालांकि इससे पहले रिषभ पंत के लिए सब कुछ अच्छा नहीं रहा था और 2019 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज को भारत की सीमित ओवरों की टीम से बाहर कर दिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टी20 में पाकिस्तान को तीन विकेट से हराया, फिंच ने दिया शानदार प्रदर्शन

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया ने 24 साल में अपने पहले पाकिस्तान दौरे का अंत एकमात्र टी20 क्रिकेट मैच में तीन विकेट की जीत के साथ किया। कप्तान आरोन फिंच के 55 रन की बदौलत आस्ट्रेलिया ने पांच गेंद शेष रहते सात विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेन मैकडर्मोट (नाबाद 22) ने हारिस राउफ पर चौके के साथ टीम को जीत दिलाई। इससे पहले नाथन एलिस ने 28 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को आठ विकेट पर 162 रन के स्कोर पर रोक दिया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे बाबर आजम ने 46 गेंद में 66 रन की पारी खेली।वर्ष 1998 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रहे आस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट की श्रृंखला 1-0 से जीती थी लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतक जड़ने वाले ट्रेविस हेड ने 14 गेंद में 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली और फिंच के साथ 21 गेंद में 40 रन जोड़कर आस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहे जोश इंग्लिस ने भी 24 रन का योगदान दिया जबकि मार्कस स्टोइनिस ने पांच चौकों की मदद से सिर्फ नौ गेंद में 23 रन बनाए। पाकिस्तान की गेंदबाजी दिशाहीन भी रही। हसन अली ने तीन ओवर में 30 रन




लुटाए जबकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम (30 रन पर दो विकेट) ने स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन को लगातार ओवरों में बोल्ड किया।शाहीन अफरीदी (21 रन पर दो विकेट) ने 19वें ओवर में फिंच और सीन एबट को पवेलियन भेजा लेकिन मैकडर्मोट ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले पाकिस्तान ने आजम और मोहम्मद रिजवान (23) के बीच पहले विकेट की 67 रन की साझेदारी से अच्छी शुरुआत की। आस्ट्रेलिया की टीम में पदार्पण कर रहे तीन खिलाड़ियों में से एक ग्रीन ने रिजवान को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। ग्रीन ने अगली गेंद पर फखर जमां (00) को मिड आन पर फिंच के हाथों कैच कराया। एडम जंपा (29 रन पर एक विकेट) ने 16वें ओवर में बाबर को नाथन एलिस के हाथों कैच कराया।

उन्होंने 46 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के मारे। एलिस ने अपने अंतिम दो ओवर में तीन विकेट चटकाकर निचले मध्यक्रम को ध्वस्त किया लेकिन उस्मान कादिर ने पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज बेन ड्वारहुइस के अंतिम ओवर में 18 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बेन ने 42 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

## छह माह से पहले नहीं करवाए जा सकते हैं पाकिस्तान में आम चुनाव, आयोग ने खड़े किए हाथ कहा- तीन माह में संभव नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जारी सियासी घमासान के बीच चुनाव आयोग ने साफ कर दिया है कि तीन माह के अंदर देश में आम चुनाव कराना संभव नहीं है। चुनाव आयोग की तरफ से आया ये बयान इसलिए भी काफी दिलचस्प हो गया है क्योंकि रविवार को ही इमरान सरकार के सूचना प्रसारण मंत्री की तरफ से कहा गया था कि तीन माह के अंदर देश में चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने अपने बयाना में यहां तक कहा था कि इस बाबत जल्द ही नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया जाएगा। पीएम इमरान खान ने भी देश को दिए अपने अल्प संबोधन में इस बात की तस्दीक की थी। लेकिन अब जबकि चुनाव आयोग ने साफ कह दिया है कि तीन माह में ये संभव नहीं है तो पाकिस्तान में जारी सियासी बवाल बढ़ सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट में है मामला निलंबित**

बता दें कि नेशनल असेंबली में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने का मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में निलंबित है। वहीं इमरान खान की सलाह पर राष्ट्रपति ने नेशनल असेंबली को भंग करने का आदेश पारित कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने देश में चुनाव होने तक इमरान खान को केयरटेकर पीएम भी नियुक्त किया है। हालांकि इमरान खान की तरफ से देश के पूर्व चीफ जस्टिस आफ पाकिस्तान गुलजार अहमद को इस पद के लिए नामित किया गया है। वो केयरटेकर पीएम बनेंगे या नहीं ये काफी कुछ विपक्ष की मर्जी पर भी निर्भर करता है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि चुनाव आयोग ने कहा है कि क्योंकि मामला अभी कोर्ट में निलंबित है, इसलिए ऐसा करना संभव नहीं है। पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक खैबर पख्तूंख्वां में आयोग द्वारा डिलिमिटेशन का काम किया जा रहा है। यहां पर 26वें संशोधन के अंतर्गत सीटों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद यहां पर विधानसभा और क्षेत्र वार मतदाताओं का ब्यौरा तैयार करना भी एक बड़ी चुनौती है।

## शंघाई में बड़े स्तर पर शुरू हुआ कोविड टेस्ट अभियान, मदद के लिए उतारी सेना

**बीजिंग।** चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण हाहाकार मचा हुआ है। राष्ट्र स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि बीते 24 घंटे में यहां कोरोना के 1366 नए मामले सामने आए हैं। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीन के जिलिन में 836, शंघाई में 436 और फुजियान में कोरोना के 16 नए केस मिले हैं।



इसके साथ ही रविवार को कोरोना से 1848 लोग ठीक भी हुए हैं। चीन में अभी कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 25,724 है, जिनमें से 54 मरीजों की हालत गंभीर है। हालांकि, इस दौरान कोरोना से अभी तक किसी की मौत नहीं हुई है। चीन में अभी तक कोरोना से 4,638 लोगों की जान जा चुकी है।

**शंघाई में व्यापक कोविड टेस्टिंग अभियान शुरू**

इसी बीच, शंघाई में व्यापक कोविड 19 टेस्टिंग अभियान का दूसरा चरण शुरू किया गया है। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। करीब ढाई करोड़ की आबादी वाले शंघाई में बीते दिनों कोरोना के 358 मामले सामने आए। एजेंसी ने बताया कि 4,144 लोगों में लक्षण नहीं थे। लाकडाउन के कारण लाखों लोग अपने घरों में कैद हैं।

## अमेरिका ने नए प्रतिबंधों में पुतिन की बेटियों और रूसी बैंकों को निशाना बनाया, उनकी संपतति को किया गया फ्रीज

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन की राजधानी कीव के पास बूचा में 410 नागरिकों की बर्बर तरीके से हत्या के बाद पूरी दुनिया का आक्रोश रूस के खिलाफ बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ पांचवें नए प्रतिबंधों की घोषणा की। जिसमें रूसी कोयले पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके अलावा रूसी जहाजों को यूरोपीय संघ के 23 देशों के बंदरगाहों तक जाने से रोक दिया गया। इसी कड़ी में अमेरिका ने बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो वयस्क बेटियों की संपत्त पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

अमेरिका ने कहा कि यह यूक्रेन में युद्ध अपराधों के लिए जवाबी कार्रवाई में रूसी बैंकों के खिलाफ दंड को और सख्त कर रहा है। सबैंक और अल्फा बैंक की संपत्ति के खिलाफ अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में शामिल होने से रोका गया है। अमेरिका ने उन संस्थानों को व्यापार करने से रोक दिया है।अमेरिका ने पुतिन की वयस्क बेटियों मारिया पुतिना और कतेरीना तिखोनोवा पर लगाए गए प्रतिबंधों के अलावा प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन को भी निशाना बनाया है।

## डरावने सीरियल्स देखने का साइड इफेक्ट : ब्रिटेन में बढ़ रहे मानसिक रोगी, लोगों को भूतों का डर; कोरोना के बाद बढ़ी समस्या

**लदंन।** कोरोना के खत्म होने के बाद अब दुनिया में मानसिक रोगी बढ़ रहे हैं। ये ऐसे लोग है जिन्हें इन दिनों भूत का डर सता रहा है। ऐसे चौंकाने वाले मामले ब्रिटेन से सामने आ रहे हैं। हाल ही में उन लोगों पर की गई स्टडी में ये बात सामने आई है। अब लोग कोरोना ठीक होने के बाद अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं।ब्रिटेन में कोरोना के बाद अब लोगों में असाधारण गतिविधियां नोटिस की गई है। यहां की जनता घोस्ट हंटर्स से लेकर डॉक्टर्स तक की मदद ले रहे हैं। यहां लोग अपने घरों में नींद से उठकर बैठ जाते है, तो किसी को कोई भारी चीज के गिरने की आवाज आ रही है। लोग घरों में साउंड डिटेक्ट डिवाइस और कैमरे लगवा रहे हैं, ताकि वे इस तरह की घटनाओं को रिकॉर्ड कर सकें।ब्रिटेन में साइंटिफिक रूप से भूतों की पहचान करने वाले घोस्ट हंटर की डिमांड भी अचानक बढ़ गई है। कोविड के बाद शुरू हुई यह समस्या अब राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ गई है। लंदन की गोल्ड स्मिथ



यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्रिस्टोफर फ्रेंच ने बताया कि कोविड के समय लोगों ने खाली समय में डरावने थ्रिलर सीरियल, सोशल मीडिया और टेलीविजन में प्रसारित होने वाले डरावने कार्यक्रम देखे। इन सब को देखने के बाद उनके मन में डर की स्थिति पैदा हो गई है। पिछ्ले एक साल में 1000 से ज्यादा लोग अचानक लाइट बंद हो जाना, रात को अजीब सी आवाजें आने की घटनाओं का वीडियो रिकॉर्ड कर चुके है।

इस तरह की बीमारियों को मानसिक बीमारी कहा जाता है, जिनमें ग्जाइटीइंसोमनिया, डिप्रेशन और ओब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर और पोस्ट ट्रोमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। लोगों में नींद ना आने की समस्या सबसे अधिक देखी जा रही है और लोग हमेशा किसी गहरी सोच में काम कर रहें हैं। साथ ही इन लोगों में हर समय बेचैनी का अनुभव होने की समस्या भी सामने आ रही है।

## यूक्रेन ने रूस से तोड़े सभी व्यापारिक रिश्ते, ब्रिटेन भी फीसदी 7 देशों के साथ मिलकर लगाएगा कड़े प्रतिबंध

**कीव।** रूस-यूक्रेन में युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है और रूसी सेना यूक्रेन को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस बीच पश्चिम के देश अब रूस पर युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। इस बीच यूक्रेन ने रूस के साथ सभी व्यापारिक रिश्ते खत्म करने का ऐलान किया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने आज सरकार को रूस के साथ यूक्रेन के व्यापार की समाप्ति को औपचारिक रूप देने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार यूक्रेन और रूस के बीच आयात और निर्यात संघर्ष की शुरुआत के बाद से पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। बता दें कि यूक्रेन ने 2021 में रूस के साथ सालाना आधार पर व्यापार में 38.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी, जिसका मूल्य 10.09 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वहीं निर्यात 26.5 प्रतिशत बढ़कर



3.44 अरब डॉलर हो गया था और आयात 45.9 प्रतिशत बढ़कर 6.65 अरब डॉलर हो गया था।

**ब्रिटेन रूसी बैंकों के खिलाफ लगाएगा नए प्रतिबंध**

अमेरिका समेत कई देश रूस पर लगातार नए नए प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच आज ब्रिटेन की विदेश सचिव लिज ट्रस ने कहा कि वह यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान पर रोक लगाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाली हैं। उन्होंने कहा कि अब अधिक रूसी बैंकों के खिलाफ नए प्रतिबंधों पर जी 7 भागीदारों के साथ बात हो रही है।

**रूसी तेल, गैस पर लगेगा पूर्ण प्रतिबंध:** ट्रस ने द टेलीग्राफ के हवाले से कहा कि वह अपने जी7 भागीदारों के साथ अधिक रूसी बैंकों पर नकेल कसने के लिए काम कर रही हैं और रूसी तेल, गैस और कोयले के आयात को खत्म करने के लिए एक भी सब लोगों की सहमती हो गई है। सचिव ने जी7 भागीदारों से रूसी जहाजों के लिए बंदरगाहों को बंद करने और रूसी सरकार के लिए रूसी सोना अनुपलब्ध बनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के पुनर्निर्माण की जरूरत है। हम अब रूस के साथ पुराने समझौतों के तहत काम नहीं कर सकते हैं। ट्रस ने कहा कि पश्चिमी देशों को रूस को और अलग-थलग करने के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग करना चाहिए।

## इमरान खान को बड़ा झटका, पाकिस्तानियों ने अमेरिकी साजिश की दलील को किया खारिज; सर्वे में सामने आई हकीकत

**कराची।** पाकिस्तान में जारी राजनीतिक संकट के बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष द्वारा पेश किए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर इमरान खान ने विदेशी साजिश विशेष रूप से अमेरिका की साजिश का आरोप लगाया था। हालांकि, इमरान खान की इस दलील को पाकिस्तानी जनता ने ही खारिज कर दिया है।

पाकिस्तान के 64 प्रतिशत लोगों ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के पीछे अमेरिकी साजिश के इमरान सरकार के दावे को खारिज कर दिया है। गैलप एजेंसी द्वारा कराए गए सर्वे में शामिल इन लोगों ने माना कि अविश्वास प्रस्ताव की वजह देश में बढ़ती महंगाई और सरकार की विफलता है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया था कि अमेरिका विपक्ष के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराना चाहता है और अविश्वास प्रस्ताव उसी का हिस्सा है। उन्होंने इसको लेकर एक पत्र का भी जिक्र किया था, जिसको लेकर 27 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक हुई थी।

इसमें कहा गया था कि सेना के शीर्ष अधिकारियों ने भी पत्र की भाषा को धमकी वाला बताया है। इसी साजिश को आधार बनाते हुए रविवार को नेशनल असेंबली में डिप्टी स्पीकर ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, पाकिस्तान की सेना भी इमरान खान के इस दावे से उलट कह चुकी है कि देश के आंतरिक मामलों में अमेरिका के हस्तक्षेप के सुबूत नहीं हैं।

अमेरिका की तरफ से कोई पत्र भी नहीं जारी किया गया है। यह कहना भी गलत है कि सरकार के इस दावे को सेना ने समर्थन किया है। सेना ने एनएससी की बैठक का विस्तृत ब्योरा भी सामने लाने को कहा है। वहीं, जियो न्यूज के मुताबिक गैलप ने तीन और चार अप्रैल को 800 घरों में सर्वे कराया था। 64 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के पीछे अमेरिका का हाथ नहीं है, जबकि 36 प्रतिशत ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के पीछे अमेरिका है। 54 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे इमरान सरकार के कामकाज से निराश हैं। 68 प्रतिशत लोगों ने इमरान खान के चुनाव कराने के फैसले को सही बताया। 72 प्रतिशत लोगों ने अमेरिका को देश का दुश्मन बताया।

## श्रीलंका में आर्थिक संकटः पूर्व क्रिकेटर जयसूर्या ने भारत को बताया बड़ा भाई, कहा- हम पीएम मोदी के आभारी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या ने अपने देश के मौजूदा हालात को लेकर चिंता जाहिर की है। जयसूर्या ने श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे लोगों का समर्थन किया है। उन्होंने ने देश की स्थिति को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है।

**भारत को बताया बड़ा भाई**

पूर्व क्रिकेटर ने भारत को बड़ा भाई बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पड़ोसी और बड़े भाई के रूप में भारत ने हमेशा हमारी मदद की है। हम भारत सरकार और पीएम मोदी के आभारी हैं। हमारे लिए, मौजूदा परिदृश्य के कारण जीवित रहना आसान नहीं है। हम भारत और अन्य देशों की मदद से इससे बाहर निकलने की उम्मीद करते हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए जयसूर्या ने कहा कि देश के लोग कई महीनों से इस स्थिति से गुजर रहे हैं। जयसूर्या ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस स्थिति से गुज़र रहे हैं। वे इस तरह जीवित नहीं रह सकते और विरोध करना शुरू कर दिया है। गैस की किल्लत है और घंटों बिजली की आपूर्ति नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा कि लोगों ने अब श्रीलंकाई सरकार के खिलाफ विरोध करना



शुरू कर दिया है। वे सरकार को दिखा रहे हैं कि वे पीड़ित हैं। इसकी जिम्मेदारी मौजूदा सरकार की है। स्थिति को ठीक नहीं किया गया तो ये आपदा में बदल जाएगी।

**असली लोग कर रहे विरोध**

पूर्व क्रिकेटर ने लोगों से शांतिपूर्ण विरोध करने की अपील की है। उन्होंने ये भी कहा कि विरोध करने वाले असली लोग हैं, वे सरकार को बता रहे हैं कि वे पीड़ित हैं।

**आर्थिक संकट के लिए सरकार जिम्मेदार**

जयसूर्या ने देश में आर्थिक संकट के लिए मौजूदा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि फिलहाल ये जिम्मेदारी सरकार की है। श्रीलंका के लोगों में बहुत आस्था और विश्वास था। वर्तमान सरकार ने जो किया है वो पिछ्ले तीन से चार महीने में अच्छा नहीं हुआ। दुर्भाग्य से, यह सब लोग वर्तमान सरकार को दोष दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि श्रीलंका के लोगों को दैनिक उपयोग के लिए आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम इन चीजों को होते हुए नहीं देखना चाहते। डीजल, गैस और मिल्क पाउडर के लिए 3-4 किलोमीटर की लंबी लाइनें लग रही हैं। यह वास्तव में दुखद है।

## मारियुपोल में रूसी हमले में 5000 से अधिक नागरिकों की मौत

**एंड्रीवका:** यूक्रेन के मारियुपोल के महापौर ने कहा है कि रूसी हमले के दौरान शहर में 5000 से अधिक नागरिक मारे गये। यूक्रेन अब कीव के बाहरी क्षेत्रों में रूसी अत्याचार के सबूत जुटाने में लगा है। इस बीच, अमेरिका एवं उसके पश्चिमी सहयोगी देश युद्ध अपराध का आरोप लगाते हुए क्रेमलिन के विरुद्ध नई पाबंदियां लगाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि रूस ने उत्तर में कीव एवं चेर्निहीव क्षेत्रों से अपने करीब 24000 या उससे अधिक सैनिकों को बुला लिया है और उन्हें बेलारूस भेज रहा है।इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस अब देश के पूर्वी हिस्से में अंदर तक आने की कोशिश कर रहा है, जिसके सिलसिल में क्रेमलिन ने कहा है कि उसका लक्ष्य डोनबास को 'मुक्त' कराना है, यह रूसी भाषी औद्योगिक क्षेत्र है। उन्होंने कहा, ''हमारी भूमि की तकदीर तय की जा रही है। हम जानते हैं कि हम किस बात के लिए लड़ रहे हैं। हम जीतने के लिए हर चीज करेंगे।' महापौर वाडियम बोइचेंको ने बुधवार को बताया कि मारे गए लोगों में 210 बच्चे हैं।

## इमरान ने भारत के गुण गाए, मरियम ने कहा- वहीं क्यों नहीं चले जाते!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजनीति और नेता भारत की चर्चा के बिना एक कदम भी नहीं चल सकते। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा भारत के गुण गाना विपक्ष की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को हजम नहीं हुआ। उन्होंने इमरान पर निशाना साधते हुए यहां तक कह दिया कि यदि भारत को इतना पसंद करते हैं तो वहीं क्यों नहीं चले जाते। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे हैं। नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव खारिज किए जाने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट गया। चार दिन सुनवाई के बाद सुप्रीम



कोर्ट ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज करने के नेशनल असेंबली के फैसले को बदल दिया और शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के निर्देश जारी किए। मतदान से एक दिन पहले शुक्रवार को इमरान ने पाकिस्तान के लोगों को संबोधित करते हुए भारत की बहुत तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के साथ हिंदुस्तान को आजादी मिली थी। इस दौरान भावुक हो उठे इमरान ने कहा कि उन्हें भारत में बहुत सम्मान और प्यार मिला। भारत को स्वाभिमानी देश बताते हुए कहा था कि दुनिया की किसी ताकत की हिम्मत नहीं है कि भारत को दिशा-निर्देश दे सके। भारत की विदेश नीति को आजाद करार देते हुए उन्होंने यह भी कहा था कि वे भारत के विरोधी नहीं हैं। इमरान द्वारा भारत की यह तारीफ विपक्ष की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को पसंद नहीं आई है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इमरान सत्ता जाते देख पागल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इमरान को किसी और ने नहीं, बल्कि उनकी पार्टी ने ही बाहर का रास्ता दिखाया है। पाकिस्तान में जब से विपक्ष ने इमरान खान के खिलाफ मोर्चा खोला है, तब से इमरान खान कई बार भारत की विदेश नीति की तारीफ कर चुके हैं। इस पर मरियम ने कहा कि यदि इमरान को भारत इतना ही पसंद है तो उन्हें वहीं चले जाना चाहिए।

## इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव: पाकिस्तान नेशनल असेंबली के स्पीकर का मतदान से इनकार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राजनीतिक घमासान अपने चरम पर पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पाकिस्तान नेशनल असेंबली के स्पीकर असद कैसर ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने से इनकार कर दिया है। विपक्ष इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना मान रहा है, वहीं इमरान सरकार बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की गयी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली द्वारा खारिज किये जाने के फैसले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। साथ ही शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के निर्देश दिए थे। इस पर शनिवार सुबह चर्चा शुरू हुई और देर शाम तक मतदान का इंतजार हो रहा था। इसके पहले ही इमरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर शीर्ष अदालत में समीक्षा याचिका दायर कर दी थी। इसी बीच नेशनल असेंबली के स्पीकर असद कैसर ने अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने से साफ इनकार कर दिया। कैसर ने यहां तक कह दिया कि वे इमरान खान के साथ धोखा नहीं कर सकते। अपने इस फैसले के लिए वे किसी भी सजा के लिए तैयार हैं। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार रात नौ बजे मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बैठक में अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है। रात नौ बजे मंत्रिमंडल बुलाए जाने को भी अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान न कराने से जोड़ा जा रहा है।

अखड भारत सदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

211019 से प्रकाशित

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

## इमरान सरकार बचाने की एक और कोशिश, सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार बचाने की एक और कोशिश की जा रही है। एक ओर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर शनिवार को इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया चल रही है, इसी बीच सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की गयी है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली द्वारा खारिज किये जाने के फैसले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। साथ ही शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के निर्देश दिए थे। इस पर शनिवार सुबह चर्चा शुरू हुई और देर शाम तक मतदान का इंतजार हो रहा था। इसके पहले ही इमरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर शीर्ष अदालत में समीक्षा याचिका दायर कर दी। इससे पहले नेशनल असेंबली में शोर-शराबे और हंगामे के बीच अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई।




सत्ता पक्ष के नेता अविश्वास प्रस्ताव को लगातार विदेशी साजिश बता रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अमेरिका की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका हमेशा भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग नजरिए से देखना चाहता है। वह भारत को चीन के चश्मे से देखता है जबकि उनकी सरकार सभी के साथ अच्छे रिश्ते चाहती है और अपने कूटनीतिक पहुंच रूस और चीन तक बढ़ाना चाहती है। विपक्ष के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने किसी तरह की विदेशी साजिश को खारिज करते हुए कहा कि बहुमत जाने के बाद इनको साजिश की याद आ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब साजिश हो रही थी, तब कोई कुछ क्यों नहीं बोला। आरोप लगाया कि इमरान खान लोकतंत्र का खात्मा कर सियासी शहीद बनना चाहते हैं। इमरान कुर्सी से चिपके रहने की साजिश कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने पाकिस्तान को बांट दिया है।